संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 234
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू


प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



आर्मी और नेवी की बढ़ेगी मारक क्षमता

2.12 लाख करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के लिए 2.12 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों और हथियारों की खरीद को मंजूरी दे दी। इसमें हल्के बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर, लंबी दूरी तक हमला करने वाले कामिकाजे ड्रोन सिस्टम और कई अन्य आधुनिक रक्षा उपकरण शामिल हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) की बैठक में खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस फैसले का उद्देश्य सेना की मारक क्षमता और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय थल सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल, सेल्फ–प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, लाइट मल्टी–रोल हेलीकॉप्टर, बेहद कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और ड्रोन रोधी प्रणाली



खरीदने को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा सेना के लिए अन्य मानवरहित विमान प्रणालियों, निगरानी करने वाले मानवरहित हवाई वाहनों, एकीकृत निगरानी व हमला प्रणाली और लंबी दूरी तक हमला करने वाले कामिकाजे ड्रोन सिस्टम की खरीद को भी हरी झंडी मिली है। इन उपकरणों से सेना की निगरानी, दुश्मन के ठिकानों पर हमले और हवाई खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय नौसेना के लिए एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम और अन्य प्रमुख नौसैनिक प्लेटफॉर्म खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। वहीं, भारतीय वायु सेना के लिए हेलीकॉप्टर, वायु रक्षा प्रणाली और रडार खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन खरीद प्रस्तावों के तहत जरूरत की मंजूरी दी गई है। कुल मंजूर खरीद में से करीब 82 प्रतिशत उपकरण और सैन्य प्रणालियां भारतीय उद्योगों से खरीदी जाएंगी। इससे घरेलू रक्षा निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलने के साथ ही देश की रक्षा जरूरतों के लिए स्वदेशी कंपनियों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय सेना के लिए 2.12 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों और हथियारों की खरीद को मंजूरी देना रक्षा तैयारियों के लिहाज से अहम है। इससे सेना को आधुनिक वाहन, स्वचालित तोप प्रणाली, हल्के हेलीकॉप्टर, ड्रोन रोधी उपकरण और लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन मिल सकेंगे। इन हथियारों और उपकरणों से दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने, हवाई खतरों का मुकाबला करने और जरूरत पड़ने पर दूर स्थित ठिकानों को निशाना बनाने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। मानवरहित विमान और एकीकृत निगरानी व हमला प्रणाली से सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी और कार्रवाई के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकेगा।

अमित शाह पर टिप्पणी मामला: राहुल गांधी को सुलतानपुर सांसद-विधायक अदालत से मिली राहत

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की विशेष सांसद–विधायक अदालत ने सोमवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में दोषमुक्त कर दिया है। यह मामला 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले बेंगलुरु में एक रैली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी से जुड़ा था। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। स्थानीय भाजपा नेता विजय मिश्रा ने मानहानि की शिकायत दाखिल की थी। उनके अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि आज सांसद/विधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा ने फैसले में राहुल गांधी को मानहानि मामले में दोषमुक्त किया है।

जनता दर्शन में सीएम योगी सख्त, बोले–

कमजोरों को उजाड़ने और जमीन पर कब्जा करने वालों को बख्शें नहीं



लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कमजोर और निर्बल लोगों को उजाड़ने वाले तथा अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार 'नर सेवा–नारायण सेवा' के भाव से जनसेवा कर रही है, इसलिए हर पीड़ित की समस्या का संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेजा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान किया जाए। साथ ही लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या दूर कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने कहा कि अवैध कब्जा करने वालों और कमजोर लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। हालांकि, यदि जमीन–जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक है, तो संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी बातचीत के जरिए समाधान निकालने का प्रयास किया जाए। मुख्यमंत्री ने राजस्व और पुलिस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। अधिकारियों को हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उसकी समस्या का समाधान करना होगा।

महाराष्ट्र एसआईआर विवाद, 33% मतदाताओं के नाम कटने का दावा, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। राज्य में पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान करीब 33 प्रतिशत मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोप वाली याचिका पर शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। हालांकि, अदालत ने दस्तावेज जमा करने और दावे–आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा तत्काल बढ़ाने का आदेश नहीं दिया। मामले की अगली सुनवाई पांच नवंबर को निर्धारित की गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिकाकर्ता अरुण अनंदगिरि की याचिका पर सुनवाई की। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने दलीलें पेश कीं। याचिका में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने की आशंका जताई गई है। अदालत ने इन आरोपों पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। हालांकि, 33 प्रतिशत मतदाताओं के नाम हटने का दावा याचिका में उठाया गया आरोप है, इसे अदालत द्वारा प्रमाणित निष्कर्ष नहीं माना जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने बताया कि मुंबई और पुणे में करीब 3,500 पुनर्विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इन परियोजनाओं के कारण पुरानी आवासीय इमारतों और कॉलोनियों को तोड़ा जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को दूसरी जगह स्थानांतरित होना पड़ रहा है। याचिकाकर्ता की दलील है कि पता और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने में कठिनाई के चलते ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हटने का खतरा है। उन्होंने चुनाव आयोग से पहले से पंजीकृत मतदाताओं के लिए अलग फॉर्म उपलब्ध कराने की मांग भी की। उनका कहना था कि पुराने मतदाताओं से नए पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाला फॉर्म–6 भरवाना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता ने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख बढ़ाने तथा मामले के निपटारे तक मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया रोकने का अनुरोध किया। लेकिन पीठ ने तत्काल कोई राहत नहीं दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यदि अदालत को लगा कि कुछ लोग दस्तावेज जमा नहीं कर पाए हैं और समयसीमा बढ़ाने की जरूरत है, तो इस पर उचित निर्देश दिए जा सकते हैं। अब पांच नवंबर की सुनवाई पर नजर रहेगी। इस मामले में चुनाव आयोग का जवाब और अदालत के आगे के निर्देश महाराष्ट्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे।

यूपी: राहुल गांधी के काफिले में हुए हादसे की होगी एसआइटी जांच, तीन सदस्यीय टीम गठित

लखनऊ उत्तर प्रदेश में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सुल्तानपुर दौरे के दौरान उनके काफिले के पीछे चल रहे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने घटना की परिस्थितियों और संभावित सुरक्षा चूक की पड़ताल के लिए विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। पुलिस मुख्यालय ने टीम को सभी पहलुओं की जांच कर जल्द विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय एसआईटी की अध्यक्षता लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक किरण एस करेंगे। टीम में सुल्तानपुर के अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह और यातायात पुलिस के उपाधीक्षक राम कृष्ण चतुर्वेदी को सदस्य बनाया गया है। जांच दल घटना से जुड़े तथ्यों, वाहनों की आवाजाही और दुर्घटना के दौरान बनी परिस्थितियों की पड़ताल करेगा। इसका उद्देश्य हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाना और यह निर्धारित करना है कि कहीं यातायात या सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक तो नहीं हुई। एसआईटी को मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है। पहला, दुर्घटना के वास्तविक कारणों और घटनाक्रम की विस्तृत पड़ताल करना। दूसरा, वीआईपी सुरक्षा, एस्कॉर्ट व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में किसी संभावित लापरवाही या सुरक्षा चूक का परीक्षण करना।

खरगे की टिप्पणी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

राहुल गांधी और खड़गे से माफी की मांग की

दिल्ली, एजेंसी। रविवार को पटना में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर, सोमवार को भाजपा ने देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से माफी की मांग की है। यह विरोध प्रदर्शन खड़गे की उस टिप्पणी के बाद हुआ, जो उन्होंने रविवार को पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में दी थी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षणश में कथित अनियमितताओं के बारे में बात करते हुए, खड़गे ने कहा कि कांग्रेस इसमें शामिल लोगों को जेल भेजेगी। जब दर्शकों में से एक व्यक्ति ने बीच में टोकते हुए कहा, मोदी कहीं नहीं जाएंगे, तो खड़गे ने



पलटकर जवाब दिया, मोदी का बाप भी जाएगा, बाप भी जाएगा। इस टिप्पणी की भाजपा ने कड़ी आलोचना की। भाजपा ने खड़गे पर प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता का अपमान करने का आरोप लगाया और सोमवार को देशभर में विरोध–प्रदर्शन करने की घोषणा की। दिल्ली में, बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजाजी मार्ग पर खड़गे के आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया। जब उन्होंने सेना भवन सर्कल से खड़गे के आवास की ओर मार्च करने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए और उनसे माफी की मांग की। पटना में, बीजेपी नेताओं और समर्थकों ने पार्टी मुख्यालय से इनकम टैक्स गोलंबर तक लगभग 300 मीटर लंबा श्जन आक्रोश मार्चश निकाला और खड़गे का पुतला फूंका। इस मार्च का नेतृत्व बिहार बीजेपी अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया।

30 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का पर्दाफाश, 7 आरोपी अरेस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने 30 करोड़ रुपये से अधिक के बैंकिंग लेन–देन से जुड़े साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट ने सोमवार को बताया कि आरोपी फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले गए बैंक खाते साइबर अपराधियों को मुहैया कराते थे। उन्होंने बताया कि यह गिरोह दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा की शिकायत की जांच के दौरान सामने आया, जिससे ऑनलाइन एक कुर्ती खरीदने के दौरान 6,450 रुपये की ठगी की गई थी। भट्ट ने कहा कि चार सितंबर को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद टीम ने लेनदेन की जांच की तो पता चला कि पैसा ग्रेटर नोएडा में एक निजी कंपनी से जुड़े एक बैंक खाते में गया है। डीसीपी ने बताया कि टीम ने लगभग 200 मोबाइल नंबरों और आईएमईआई नंबरों, बैंकिंग लेनदेन और अन्य सेवा प्रदाताओं से प्राप्त डिजिटल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया।

युवा सरकारी नौकरी के बजाय रुचि और स्किल पर दें ध्यान: आनंदीबेन पटेल

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कहा कि युवाओं को केवल सरकारी नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल सीखकर रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। जनभवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत आयोजित 'युवा संगम' के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), पालक्कड़ (केरलम) के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आए 55 सदस्यीय दल ने राज्यपाल से मुलाकात की। विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि पढ़ाई के साथ व्यावहारिक कौशल अर्जित करना आवश्यक है, ताकि युवा आत्मनिर्भर बनने के साथ–साथ दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकें। प्रतिनिधिमंडल में 50 विद्यार्थी और पांच शिक्षक शामिल हैं। ये सभी 22 से 28 अक्टूबर तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आतिथ्य में उत्तर प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले स्थलों का भ्रमण कर रहे हैं। बयान के अनुसार केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत 'युवा संगम' कार्यक्रम का आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समझ और पारस्परिक सहयोग की भावना विकसित करना है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान उनकी यात्रा के अनुभवों और इस दौरान मिली प्रेरणा के बारे में जानकारी ली। पटेल ने विद्यार्थियों से पूछा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान क्या सीखा और लौटने के बाद इन अनुभवों का उपयोग अपने जीवन में किस प्रकार करेंगे।



केरल हाई कोर्ट की पुलिस को मंजूरी

मर्सिडीज हादसे में जज पर भी दर्ज होगा केस

केरल, एजेंसी। केरल के एक जज के नाबालिग बेटे को, जो कथित तौर पर मर्सिडीज–बेंज चला रहा था जिसकी चपेट में आकर कोच्चि में 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, सोमवार को जुवेनाइल



जस्टिस बोर्ड ने जमानत दे दी। उसे दोबारा हिरासत में लिया गया था और उस पर गैर–इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। शुरुआत में लापरवाही से मौत का कारण बनने के लिए किशोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत मामला दर्ज किया गया था, और बाद में उसे किशोर न्याय अधिनियम के तहत जमानत पर रिहा कर दिया गया। रविवार को चेरानल्लूर पुलिस स्टेशन के बाहर पीड़ित परिवार के विरोध–प्रदर्शन के बाद पुलिस ने उसे फिर से पकड़ लिया। इसके बाद उस पर BNS की धारा 105 (गैर–इरादतन हत्या, जो हत्या की श्रेणी में नहीं आती) के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया गया, जहाँ से उसे ज़मानत मिल गई। यह हादसा रविवार को तड़के 2 से 3 बजे के बीच चेरानल्लूर के पास हुआ, जब जयाबालकृष्णन अपना खाने–पीने का स्टॉल बंद करके घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, एक मर्सिडीज–बेंज कार – जो किशोर के पिता (एक अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के नाम पर रजिस्टर्ड है और जिसे कथित तौर पर वह नाबालिग चला रहा था – ने तेज रफ्तार में जयबालकृष्णन के दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। केरल हाई कोर्ट ने सोमवार को पुलिस को उस न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज करने की अनुमति दे दी।

ज्ञानेश कुमतार को हटाने की मांग पर अड़े राहुल गांधी, बोले–

30 सेकंड में रुक जाएगा प्रदर्शन अगर...

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 26 अक्टूबर को दिल्ली के कारोबारी समुदाय से अपील की। उन्होंने राजधानी में लगाए गए प्रशासनिक लॉकडाउन और यातायात में आ रही रुकावटों के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाए जाने की विपक्ष की मांग को फिर से दोहराया। श्एक्सश (र) पर एक पोस्ट में, गांधी ने 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाले विरोध प्रदर्शन का एक पोस्टर साझा किया। उन्होंने सुरक्षा बैरिकेड्स और सार्वजनिक परिवहन पर लगी पाबंदियों को लेकर कारोबारी संगठनों की चिंताओं पर बात की; इन पाबंदियों की वजह से चल रहे राजनीतिक प्रदर्शनों के दौरान स्थानीय बाजारों पर असर पड़ रहा है। दिल्ली में खुदरा और थोक व्यापारियों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, "दिल्ली के



हर व्यापारी सेरू हम आपसे प्यार करते हैं और आपकी बात सुनते हैं। सरकार ने मेट्रो बंद कर दी, सड़कें सील कर दीं और हमारी राजधानी में लॉकडाउन लगा दिया। जनादेश की चोरी के बाद कुछ भी सुरक्षित नहीं है दृ न आपकी दुकान, न आपकी बचत, और न ही आपके बच्चों का भविष्य। मोदी से कहिए कि वे आरोपी नंबर 4, ज्ञानेश कुमार को हटा दें, और 30 सेकंड में विरोध–प्रदर्शन खत्म हो जाएंगे।" गांधी का यह बयान श्चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्रीश द्वारा विपक्षी नेताओं को दिए गए एक आग्रह के बाद आया है, जिसमें 1 नवंबर को रामलीला मैदान में श्इंडियाश गठबंधन की प्रस्तावित रैली को टालने की मांग की गई थी। व्यापारिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि धनतेरस, दिवाली और भाई दूज के त्योहारों के दौरान, जब खरीदारी जोरों पर होती है, तब मध्य दिल्ली में सड़कों का डायवर्जन, बैरिकेडिंग और मेट्रो स्टेशनों को बंद करने से चांदनी चौक, सदर बाजार और करोल बाग जैसे प्रमुख बाजारों में हजारों करोड़ रुपये के कारोबार पर बुरा असर पड़ सकता है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संकेत दिया है कि पार्टी नेतृत्व व्यापारियों की अपील पर विचार कर रहा है ताकि कोई उचित समाधान निकाला जा सके। वहीं, गांधी ने कथित चुनावी अनियमितताओं और चुनाव आयोग के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन को एक महत्वपूर्ण संवैधानिक लड़ाई बताया है, जो दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता की रक्षा के लिए जरूरी है।

संपादकीय

पैरिस जल रहा है, जिसमें एक महत्वपूर्ण वित्तीय सबक

जैसे –जैसे छात्र विरोध प्रदर्शन पूरे फ्रांस में फैल रहे हैं, इसे एक आम लेकिन फ्रांस की विशिष्ट समस्या मानकर खारिज करना आसान है लेकिन इसके मूल में वह बात है जो दुनिया भर की सरकारों में तेजी से आम होती जा रही है– राजकोषीय फिजूलखर्ची। 2009–10 के ग्रीक संकट की पुनरावृत्ति दूर की कौड़ी लग सकती है लेकिन जैसे–जैसे अशांति फ्रांस की सीमाओं से परे फैल रही है, यह सोचने का समय आ गया है कि क्या इससे हमें कोई सबक मिल सकता है? समस्या की जड़ में फ्रांस की राजकोषीय व्यवस्था को सुधारने में असमर्थता है। देखने में तो ये विरोध प्रदर्शन भारत में शिक्षा को लेकर हुए 'कॉकरोच' आंदोलन की चिंताओं को दोहराते हैं–जर्जर कक्षाएं, खराब ढंग से संचालित सरकारी स्कूल इत्यादि। लेकिन समानता यहीं खत्म हो जाती है। भारत के विपरीत, जहां बहुपक्षीय संस्थानों के वर्षों के व्याख्यानों ने आर्थिक नीति निर्माताओं को उच्च राजकोषीय घाटे को लेकर सतर्क कर दिया था, पश्चिमी देशों के धनी देशों को ऐसी कोई चिंता नहीं थी। अंततरू, अब इसका परिणाम भुगतना ही पड़ेगा। निवेशकों ने फ्रांस को 'यूरोप का बीमार आदमी' मानना शुरू कर दिया है, जिसका ऋण–से–जी.डी.पी. अनुपात लगभग 120 प्रतिशत है (भारत के लगभग 80 प्रतिशत के विपरीत)। फ्रांस के मामले में, उसका बढ़ता घाटा और कर्ज का बोझ मुख्य रूप से तेजी से बढ़ते पैंशन बिल को नियंत्रित करने में उसकी अक्षमता का परिणाम है। पैरिस इस बात से लंबे समय से अवगत है लेकिन जब भी किसी सरकार ने व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास किया, उसे पीछे हटना पड़ा। इसका नतीजा यह है कि उसके कई युवा धीमी आध्यक वृद्धि, दबावग्रस्त सार्वजनिक सेवाओं और पहले की तुलना में कहीं कम सहायक कल्याणकारी व्यवस्था वाले भविष्य के लिए अभिशप्त हैं। देश में व्याप्त राजनीतिक उथल–पुथल को भी इसमें जोड़ दें, जहां अगले साल राष्ट्रपति पद के लिए धुर दक्षिणपंथी और धुर वामपंथी उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, तो फ्रांस में आने वाले महीनों में ऐसी उथल–पुथल की आशंका है, जो पूरे यूरो क्षेत्र में फैल सकती है। फ्रांस को जिस प्रश्न का उत्तर देना होगा, और पुलिस बल का प्रदर्शन इसका उत्तर नहीं माना जा सकता, वह यह है कि क्या वह राजकोषीय संयम बरत सकता है? गौर करें–फ्रांस का बजट घाटा उसके सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) के 5 प्रतिशत से अधिक है, जो पिछले वर्ष भारत के 4.4 प्रतिशत और इस वर्ष के 4.3 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है और छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त ध्न जुटाने की गुंजाइश बहुत कम रह जाती है। बैल्जियम, पुर्तगाल, स्पेन और अल्बानिया में असंतोष के संकेत उभरने के साथ ही यूरोपीय संघ को एक गंभीर परीक्षा का सामना करना पड़ सकता है। यूरोपीय संघ का विकास और स्थिरता समझौता, जो राष्ट्रीय राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत तक सीमित करता है, आंशिक रूप से एक सांझा मुद्रा, यूरोए को सक्षम बनाने के लिए एकजुटता हेतु बनाया गया था। आज यह केवल कागजों पर ही मौजूद है लेकिन यूरो क्षेत्र में एक एकीकृत मौद्रिक प्राधिकरण है जिसने हाल ही में मुद्रास्फीति से निपटने के लिए अपनी नीतिगत दर में वृद्धि की है। महंगा ऋण पूरे यूरोप को प्रभावित करता है, लेकिन फ्रांसीसी बांड अपनी बढ़ती उपज और जोखिम प्रीमियम के कारण विशेष रूप से प्रभावित करते हैं, जिससे पैरिस के लिए सार्वजनिक व्यय हेतु धन उधार लेना बेहद महंगा हो जाता है। ए.आई. के बढ़ते इस्तेमाल के बीच तेल संकट को देखते हुए, पूंजी की बढ़ती कीमत एक वैश्विक प्रवृत्ति है। अमरीका, जिसका कर्ज भी बहुत बढ़ गया है, के पास 2 प्रमुख फायदे हैं। पहला, उसकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि मजबूत है, जिसका श्रेय काफी हद तक ए.आई. को जाता है, और फ्रांस की तरह कमजोर नहीं है। दूसरा, अमरीकी डॉलर की व्यापार और आरक्षित मुद्रा होने के कारण उसके बांडों की वैश्विक मांग बहुत अध्िक है, जिससे अमरीका हर साल भारी घाटा उठा सकता है। चूंकि अन्य देशों के मामले में ऐसा नहीं है, इसलिए जितनी जल्दी वे इसे पहचान कर उसके अनुसार कार्रवाई करें, उतना ही बेहतर होगा। किसी भी स्थिति में, अमरीकी ब्याज दरें भी बढ़ रही हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि यह सिर्फ युद्ध के कारण आई अस्थिरता है या नहीं, क्योंकि डाटा केंद्रों से परे ए.आई. निवेश चक्र ब्याज दरों को 'लंबे समय तक उच्च' रख सकता है (यदि कुल बचत इसके साथ तालमेल नहीं बिठा पाती)। जब ऋण अब आसानी से उपलब्ध नहीं है और कई मोर्चों पर भविष्य अनिश्चित है, तो कोई भी देश अपनी वित्तीय सतर्कता में ढील नहीं दे सकता।

भगवान वाल्मीकि जी ज्ञान, मानवता और सामाजिक चेतना के अमर प्रकाश

राजेश भट्टी

भगवान वाल्मीकि जी का जीवन और साहित्य आज भी हमें ज्ञान, सदाचार और मानवीय मूल्यों से आलोकित जीवन–पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान वाल्मीकि जी की सर्वश्रेष्ठ कृति रामायण है।

अजर–अमर त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि जी भारतीय संस्कृति, साहित्य और मानवता के ऐसे महान प्रेरणास्रोत हैं, जिनका ज्ञान–प्रकाश युगों से समाज का मार्गदर्शन करता आ रहा है। आदिकवि के रूप में प्राप्त उनका सम्मान उनके अद्वितीय साहित्यिक अवदान का प्रमाण है। उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर है, जिसने अनगिनत पीढियों को सत्य, मर्यादा, त्याग, कर्त्तव्य, करुणा और न्याय का पावन संदेश दिया है। भगवान वाल्मीकि जी का जीवन और साहित्य आज भी हमें ज्ञान, सदाचार और मानवीय मूल्यों से आलोकित जीवन–पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान वाल्मीकि जी की सर्वश्रेष्ठ कृति रामायण है। इस महाकाव्य में भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, संघर्षों और कर्त्तव्यनिष्ठा का अत्यंत प्रभावशाली तथा मार्मिक चित्रण मिलता है। रामायण हमें माता–पिता के प्रति श्रद्धा, भाईचारे की भावना, सच्ची मित्रता, त्याग, नारी–सम्मान, सत्य, न्याय और समाज के प्रति उत्तरदायित्व जैसे जीवन–मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश देती है। रामायण केवल धार्मिक आस्था का ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन और समाज के विविध आयामों को समझने का गहन माध्यम भी है। इसमें परिवार और संबंधों की गरिमा, कर्त्तव्य



और संघर्ष की महत्ता, नेतृत्व की मर्यादा तथा मानवीय संवेदनाओं का अत्यंत सजीव और हृदयस्पर्शी चित्रण हुआ है। यही कारण है कि भगवान वाल्मीकि जी की अमर रचना का प्रभाव भारतीय साहित्य, कला, संस्कृति और लोकजीवन पर सदियों से निरंतर बना हुआ है। भगवान वाल्मीकि जी को आदिकवि कहा जाता है। भारतीय काव्य–परंपरा में उनका योगदान गौरवपूर्ण, अनुपम और अविस्मरणीय है। उन्होंने अपनी अद्भुत रचनाशक्ति से साहित्य को ऐसी दिशा प्रदान की, जिसने आने वाली पीढियों के कवियों और लेखकों को निरंतर प्रेरित किया। उनकी काव्य–दृष्टि में प्रकृति, करुणा, संवेदना, नीति और जीवन–दर्शन का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उनकी वाणी में भावों की गहराई है और उनके चिंतन में जीवन को दिशा देने वाली व्यापक दृष्टि। आज के आधुनिक समाज में भगवान वाल्मीकि जी के संदेश की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। समाज की वास्तविक उन्नति केवल भौतिक विकास से नहीं, बल्कि शिक्षा, समानता, भाईचारे और परस्पर सम्मान से संभव होती है। इसलिए हमारा दायित्व है कि हम बच्चों और युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें अपनी महान साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ें, ताकि वे अपने अतीत से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।समाज से हर प्रकार के भेदभाव को मिटाने और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जरूरतमंदों की सहायता करना, महिलाओं का सम्मान करना, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, बुजुर्गों की सेवा करना और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यही प्रयास समाज में संवेदना, समानता और सद्भाव की नींव को मजबूत करेंगे। भगवान वाल्मीकि जी का प्रकाश उत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, साहित्य, मानवता और सामाजिक चेतना को आगे बढ़ाने का पावन अवसर है। इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों को केवल समारोहों और आयोजनों तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि उन्हें अपने आचरण, व्यवहार और जीवन–पद्धति का हिस्सा बनाएंगे। आज आवश्यकता है कि भगवान वाल्मीकि जी के साहित्य और विचारों को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाई जाए, उनमें संस्कार और संवेदनशीलता विकसित की जाए तथा युवाओं को समाज–सेवा, अनुशासन और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया जाए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अजर अमर त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि जी का संदेश हमें सिखाता है कि ज्ञान समाज को प्रकाश देता है, साहित्य विचारों को दिशा देता है और मानवता समाज को सुदृढ़ बनाती है। उनके द्वारा रचित रामायण और उनकी महान साहित्यिक विरासत आने वाली पीढियों को सदैव सत्य, कर्त्तव्य, करुणा, न्याय और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी। जय वाल्मीकि जी। हर हर वाल्मीकि जी

आखिर क्यों धधक रहा है फ्रांस और अन्य यूरोपीय देश?

कमलेश पांडे

यूरोप में हिंसक विरोध–प्रदर्शनों, दंगों, आगजनी और पुलिस के साथ टकराव को केवल कानून–व्यवस्था की समस्या मानकर नहीं समझा जा सकता। चूंकि इसके पीछे आर्थिक असंतोष, सामाजिक विभाजन, आव्रजन और एकीकरण की बहस, राजनीतिक ध्रुवीकरण, युवाओं में भविष्य



को लेकर चिंता तथा पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास का संकट जैसे कई कारक हो सकते हैं। लेकिन एक बुनियादी अंतर समझना जरूरी है, वह यह कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, जबकि आगजनी, लूटपाट, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और लोगों पर हमले अपराध हैं। किसी प्रदर्शन में हिंसा होने का अर्थ यह नहीं कि उसमें शामिल हर व्यक्ति हिंसक है या पूरा समुदाय उसके लिए जिम्मेदार है। शायद इसी भ्रम में देश के देश जल रहे हैं और पुलिस तत्काल बहुत कुछ कर नहीं पाती। इससे आत्ताइयों के हौसले बुलंद हैं और लोकतांत्रिक सोच अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। भले ही फ्रांस और अन्य यूरोपीय देशों की परिस्थितियाँ भी एक जैसी नहीं हैं। इसलिए यह देखना आवश्यक है कि अशांति किन कारणों से भड़कती है, पुलिस की कार्रवाई कहाँ कठिन हो जाती है और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करते हुए हिंसा रोकने के लिए कौन–से उपाय प्रभावी हो सकते हैं।

सवाल है कि अक्टूबर 2026 में फ्रांस में वास्तव में क्या हो रहा है? तो जवाब होगा कि फ्रांस में सितंबर के अंत से शुरू हुआ छात्र आंदोलन अक्टूबर में व्यापक अशांति में बदल गया। प्रारंभिक असंतोष स्कूलों की खराब सुविधाओं, शिक्षकों की कमी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को लेकर था। बाद में महँगाई, जीवन–यापन की बढ़ती लागत और सार्वजनिक सेवाओं की स्थिति जैसे मुद्दे भी आंदोलन से जुड़ गए।

आखिर पेरिस सहित कई शहरों में लूटपाट, तोड़फोड़ और पुलिस से टकराव हुए। सरकार को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात करने पड़े और कुछ क्षेत्रों में रात्रिकालीन कर्फ्यू प्रतिबंध लगाए गए। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों और हिंसा के पूर्वानुमान में कमियों को भी स्वीकार किया। इसी समय इटली में भी जीवन–यापन की लागत, कम वेतन और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के बीच प्रदर्शन हिंसक हुए। स्पेन और पुर्तगाल में आवास की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। हालांकि, इन सभी घटनाओं के कारण और उनका स्वरूप अलग–अलग हैं।

सवाल है कि आखिर यूरोप में असंतोष बार–बार क्यों भड़कता है? तो इसके कुछ कारण हैं जो निम्नलिखित हैं–

पहला, महँगाई, आवास और आर्थिक असुरक्षारू जब किराया, ऊर्जा, परिवहन और रोजमर्रा के खर्च बढ़ते हैं, लेकिन आय और रोजगार के अवसर उसी गति से नहीं बढ़ते, तो लोगों में व्यवस्था के प्रति नाराजगी बढ़ सकती है। युवाओं के लिए अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्र जीवन की संभावनाएँ सीमित महसूस होना इस असंतोष को और बढ़ा सकता है। दूसरा, सार्वजनिक सेवाओं पर दबावरू स्कूलों में शिक्षकों की कमी, जर्जर सुविधाएँ और स्थानीय सेवाओं की कमजोर स्थिति नागरिकों को यह महसूस करा सकती है कि उनकी समस्याओं को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं मिल रही। फ्रांस के हालिया आंदोलन में शिक्षा से जुड़ी शिकायतें शुरुआती मुद्दों में शामिल थीं। तीसरा, सामाजिक अलगाव और अवसरों में असमानतारू कुछ शहरी और वंचित इलाकों में रोजगार, शिक्षा और सामाजिक उन्नति के अवसरों की कमी असंतोष को गहरा सकती है। यदि नागरिकों को लगता है कि संस्थाएँ उनकी बात नहीं सुनतीं या उनके साथ भेदभाव होता है, तो राज्य पर भरोसा कमजोर पड़ सकता है। लेकिन इसे हर उपद्रव का एकमात्र कारण मानना उचित नहीं होगा। चौथा, राजनीतिक ध्रुवीकरण और आंदोलन का हिंसक हो जानारू किसी जायज मांग के साथ बड़ी संख्या में लोग शांतिपूर्वक जुट सकते हैं, लेकिन कुछ समूह उसी भीड़ का इस्तेमाल तोड़फोड़, लूटपाट या पुलिस को उकसाने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने वाली तस्वीरें और संदेश भी तनाव बढ़ा सकते हैं। आंदोलन की मांगों और हिंसा करने वाले व्यक्तियों की जिम्मेदारी को अलग–अलग समझना जरूरी है। पाँचवाँ, आव्रजन और राष्ट्रीय पहचान पर विवादरू यूरोप के अनेक देशों में आव्रजन, शरणार्थियों के एकीकरण, राष्ट्रीय पहचान और सार्वजनिक संसाधनों के वितरण पर राजनीतिक बहस चलती रही है। ये विवाद ध्रुवीकरण बढ़ा सकते हैं, लेकिन फ्रांस की अक्टूबर 2026 की हिंसा के लिए किसी विशेष धार्मिक या प्रवासी समुदाय को जिम्मेदार ठहराने के पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं।

महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि आर्थिक असंतोष हिंसा की पृष्ठभूमि तैयार कर सकता है, लेकिन वह हिंसा को उचित नहीं ठहराता। इसी प्रकार, किसी अपराधी की पहचान या पृष्ठभूमि के आधार पर पूरे समुदाय को दोषी ठहराना भी तथ्यपरक समाधान नहीं है।

सवाल है कि उत्पाती और हिंसक भीड़ पर नियंत्रण में पुलिस क्यों पिछड़ जाती है? तो जवाब होगा कि यह इस पूरे संकट का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है। अक्टूबर 2026 की फ्रांसीसी घटनाओं में पुलिस की विफलता के कुछ ठोस कारण सामने आए हैं। इन्हें केवल पुलिस की कमजोरी या इच्छाशक्ति की कमी कह देना अधूरा विश्लेषण होगा। एक, खुफिया आकलन और तैयारी में चूकरू फ्रांस में 17 अक्टूबर के प्रदर्शनों के लिए भीड़ का अनुमान वास्तविक संख्या से काफी कम रहा। आंतरिक मंत्रालय के शुरुआती अनुमान लगभग 60,000–110,000 प्रदर्शनकारियों के थे, जबकि बाद में संशोधित अनुमान 200,000 तक पहुँचे और मंत्रालय ने वास्तविक उपस्थिति लगभग 550,000 बताई। यह सरकारी अनुमान है, स्वतंत्र रूप से सत्यापित अंतिम गणना नहीं। इतनी बड़ी भीड़ के बीच हिंसा करने वाले छोटे समूहों की पहचान और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा कठिन हो जाती है। दो, पुलिस बल की तैनाती और संसाधनों का असंतुलनरू यदि कई शहरों में एक साथ हिंसा फैलती है, तो पुलिस को लोगों की सुरक्षा, दुकानों की रक्षा, यातायात नियंत्रण और हिंसक घटनाओं पर कार्रवाई जैसे अनेक काम करने पड़ते हैं। फ्रांस की हालिया घटनाओं में पुलिसकर्मियों की संख्या और तैनाती के समय को लेकर भी सवाल उठे। तीन, शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी और हिंसा करने वाले एक ही भीड़ मेंरूपुलिस के सामने यह कठिन चुनौती रहती है कि हिंसा करने वालों पर कार्रवाई करते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों और आसपास के आम नागरिकों को नुकसान से कैसे बचाया जाए। जल्दबाजी में की गई कार्रवाई तनाव बढ़ा सकती है, जबकि देर करने पर तोड़फोड़ और लूटपाट का दायरा बढ़ सकता है। चार, पुलिस की कठोर कार्रवाई के कानूनी और सामाजिक परिणामरू फ्रांस में प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग की आवश्यकता, उसकी आनुपातिकता और कुछ पुलिसकर्मियों के आचरण को लेकर जाँच चलती रही है।

स्वतंत्रता, भोजन व ईंधन से वंचित लोग उठ खड़े होते हैं विरोध में

पी. चिदम्बरम

जब लोगों को स्वतंत्रता, भोजन, ईंधन या किसी अन्य अत्यंत अनिवार्य आवश्यकता से वंचित किया जाता है, तो वे विरोध में उठ खड़े होते हैं। वर्तमान में, विशेष रूप से युवाओं द्वारा फ्रांस, अल्बानिया, बैल्जियम, ब्राजील, चिली, इटली, मोरक्को और पुर्तगाल–और भारत में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सरकार को दोषी ठहराया जाता है क्योंकि उसे संकट को कम करने या गलतियों को सुधारने के लिए पर्याप्त कदम उठाते हुए नहीं देखा जा रहा। यूरोप में कुछ विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं जो कि निंदनीय है। अमरीका में, लोग शिकायत करते हैं कि खाद्य पदार्थों की कीमतें 'अवहनीय' हैं और ईंधन की कीमतें 'असहनीय' हो गई हैं। इसके लिए ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया जाता है। फ्रांस में, लोग स्कूलों की खराब सुविधाओं और शिक्षकों की कमी के कारण अच्छी शिक्षा से वंचित होने की शिकायत करते हैं। मैक्रों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। अल्बानिया में, शिकायत एक बहुमूल्य आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र (वैटलैंड ईकोसिस्टम) को व्यावसायिक दोहन के लिए एक अमरीकी पूंजीपति को सौंपने को लेकर है। एदी रामा को जिम्मेदार ठहराया जाता है। इनमें से प्रत्येक विरोध प्रदर्शन नागरिक की इस भावना का हिस्सा है कि 'मैं तभी स्वतंत्र हूं जब मैं भोजन जुटा सकूं, अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकूं और अपने पर्यावरण की रक्षा करने में सक्षम रहूं'। यह नमक कर के खिलाफ हुए विरोध की तरह है–नमक पर कर लगाना किसी की स्वतंत्रता को पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं करता लेकिन औपनिवेशिक शक्ति द्वारा नमक कर लगाए जाने का विचार महात्मा गांधी की स्वतंत्रता की अवधारणा के बिल्कुल विपरीत और घृणित था। मतदान का अधिकार, निर्ववाद रूप से, एक स्वतंत्र देश में किसी नागरिक का सबसे कीमती अधिकार है। मुझे विश्वास नहीं होता कि भाजपा सरकार इतनी संवेदनहीन हो सकती है कि उसने खुद को यह विश्वास दिला लिया कि मतदाता सूची से 13,30,00,000 नामों (26 राज्यों की वयस्क आबादी का 14 प्रतिशत) को हटाए जाने से विरोध का कोई बड़ा तूफान नहीं उठेगा। भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने कहा कि नामों को एक 'प्रक्रिया' के तहत हटाया गया था। कोई भी प्रक्रिया 'उचित विधिक प्रक्रिया' नहीं होती। ई.सी.आई. ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अब ई.सी.आई. 'छूट गए' मतदाताओं को पुनरू नामांकित करने के लिए 'विशेष शिविरों' का आयोजन कर रहा है! 'छूट गए' कहना केवल भ्रम फैलाना है–वास्तव में नामों को गैरकानूनी तरीके से हटाया गया था।एस.आई.आर. 26 राज्यों में 3 चरणों में आयोजित किया गया था ।एस.आई.आर. पर कितने करोड़ रुपए खर्च किए गए? पुनरू नामांकन पर कितने करोड़ रुपए खर्च होंगे? इस दोहरे खर्च के लिए किससे अधिभार वसूला जाएगा? संपूर्ण एस.आई.आर. प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में कई आधारों पर व्यापक रूप से चुनौती दी गई है। अदालत ने नोटिस जारी किया। अगले ही दिन, ई.सी.आई. ने अपना रुख पूरी तरह बदल दिया, शेष राज्यों के लिए एस.आई.आर. को त्याग दिया और पारंपरिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एस.एस.आर.) पर वापस लौट आया। यह वही 'स्वीकारोक्ति' है, जिसका मैंने ऊपर उल्लेख किया था। अकेले पश्चिम बंगाल में जिन लोगों के नाम हटाए गए थे, उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपील दायर करने की अनुमति दी गई थी। दायर की गई 22,00,000 अपीलों में से लगभग 1,26,000 अपीलों का 6 महीनों में निपटारा किया गया। इनमें से 91–93 प्रतिशत अपीलों को स्वीकार कर लिया गया और उनके नामों को मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश दिया गया, लेकिन वे हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में मतदान नहीं कर सके। अन्य स्थानों पर हटाए गए करोड़ों नामों (मृतकों को छोड़कर) के पास अपील का कोई प्रावधान नहीं है। जब तक उनके नाम फिर से नामांकित नहीं हो जाते, वे किसी भी चुनाव में मतदान नहीं कर सकते। पुनरू नामांकन पूरी तरह से ई.सी.आई. की दया पर निर्भर है। यह कोई साधारण विरोध नहीं है। यह स्वतंत्रता और मतदान के अधिकार की लड़ाई है। अगली लड़ाई भोजन की होगी। खाद्य पदार्थों की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि भोजन घरेलू बजट की पहुंच से बाहर हो गया है। हालांकि सरकार 80 करोड़ लोगों को 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज देती है लेकिन कई करोड़ लोगों, विशेष रूप से आंतरिक प्रवासी मजदूरों, को यह मुफ्त अनाज नहीं मिल पाता। खाद्य कीमतों में वृद्धि की तुलना इस तथ्य से करें कि कुल कार्यबल के 20 प्रतिशत हिस्से वाले अनौपचारिक–दिहाड़ी मजदूरों की वास्तविक मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या घट गई है, तो पीड़ा का दायरा स्पष्ट रूप से समझ आ जाएगा। एक और लड़ाई तैयार हो रही है, किफायती ईंधन की। पैट्रोल, डीजल, बिजली, गैस, मिट्टी का तेल, जलाऊ लकड़ी और बस, ट्रेन या हवाई यात्रा, सब कुछ महंगा हो गया है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई.) का पिछला आंकड़ा 11.39 प्रतिशत था, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सी.पी.आई.) 5.54 प्रतिशत था और खाद्य मुद्रास्फीति 7.74 प्रतिशत थी। ऐसे कई बाहरी कारक हैं, जैसे युद्ध और टैरिफ, जिन्होंने कीमतों में वृद्धि की है। लेकिन सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। याद रखें, भाजपा ने 2009–2011 (कारण–अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संकट) और 2013–14 (कारण–टेपर टैंट्रम) में मुद्रास्फीति के लिए यू.पी.ए. सरकार को दोषी ठहराया था। दबाए गए या छीने गए अन्य अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रहेगी। मुझे पता है कि 'तख्तापलट,सत्ता परिवर्तन' को एक नकारात्मक अर्थ दे दिया गया है। इसे 'सरकार का बदलाव' समझें।

मिशन शक्ति के तहत चौक घंटाघर पर गूंजा महिला सशक्तिकरण का संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चौक घंटाघर पर मिशन शक्ति के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिला महिला व्यापार मंडल एवं रोटरी क्लब प्रयागराज प्लैटिनम की संयुक्त पहल पर हुए कार्यक्रम



में महिलाओं को उनके अधिकारों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक का मंचन स्वांग रंग संस्था के कलाकारों ने निर्देशक सचिन चंद्र के निर्देशन में किया। हर्षिता तिवारी, मुस्कान दास, दिव्यांशी अग्रहरि, हर्ष पांडेय और पंकज पांडेय ने प्रभावशाली अभिनय से महिला सुरक्षा और सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष अवंतिका टंडन, महासचिव हिना खान, कोषाध्यक्ष वंदना त्रिपाठी, रोटरी क्लब अध्यक्ष अजय शर्मा, सचिव प्रमय मित्तल, नितिन चोपड़ा, नेहा जायसवाल, प्रयाग व्यापार मंडल सचिव सुहेल अहमद और युवा नेता शुभम केसरवानी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की ओर से कोतवाल सुधीर सिंह, घंटाघर चौकी प्रभारी अनूप वर्मा, मिशन शक्ति प्रभारी सौभया गुप्ता सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम एसीपी निकिता श्रीवास्तव के निर्देशन और डीसीपी पीयूष मोर्डिया के निर्देश पर आयोजित हुआ।

जूनियर बालिका खो-खो चैंपियनशिप के लिए प्रयागराज टीम चयनित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। हरदोई स्थित राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अलीपुर में आयोजित होने वाली जूनियर बालिका खो-खो चौंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए प्रयागराज की टीम का



चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में ईशा, अनुष्का, पायल, रिवांशी, माया, ब्यूटी, अक्षत, निधि, आराधना, मानसी, बसु, सत्य, वंदना, सृष्टि और परी शामिल हैं।वहीं, सुरक्षित खिलाड़ियों के रूप में खुशी, सौम्या, प्रार्थना, ऋषिका और स्वाति का चयन किया गया है। टीम की प्रशिक्षक मोनी तिवारी हैं। चयनित खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

एमआईसी ए और रेलगांव क्लब फाइनल में

सैयद असद कासिम अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। एमआईसी ए ने जैदी इंडोर क्लब ए को दो रन और रेलगांव क्लब ने सावित्री देवी क्लब को 66 रन से हराकर सैयद असद कासिम अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। जहां दोनों की भिड़ंत 28 अक्टूबर को होगी।

मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान पर सोमवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में एमआईसी ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 152 रन (अल्तमश 38, अंश सिंह 37, प्रांजल सिंह 13, सृजन पटेल 3/20, हर्षित तिवारी 2/38 तथा राहुल यादव, आर्यन और देवांश कुमार स्वप्निल एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में जैदी इंडोर क्लब ए की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 150 रन (हर्षित तिवारी 71, हर्षवर्धन 20, कुणाल पाल 15, अंश यादव 4/40, अंश सिंह ने 2/22 तथा सूरज चौहान और अल्तमश एक-एक विकेट) ही बना सकी। अंश सिंह को आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक गौहर काजमी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे सेमीफाइनल में रेलगांव क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 194 रन (शादान अब्बास रिजवी 60 नाबाद, सक्षम वर्मा 47, मोहम्मद अकसम अली 31, नैतिक शुक्ला 30, कमल सिंह चंदेल 2/24, सचिन यादव और गौरव पटेल एक-एक विकेट) बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए सावित्री देवी क्लब की टीम 19.2 ओवर में 128 रन (विवेक यादव 31, प्रिंस पाल 21 नाबाद, सचिन यादव 17 और शुभम सोनकर 14, श्लोक चतुर्वेदी 4/15, सक्षम वर्मा 2/18 तथा मोहम्मद अकदस अली और रेहान वजाहत एक-एक विकेट) पर सिमट गई। सक्षम वर्मा को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेटर एवं एसीए की सीनियर चयन समिति के सदस्य शमशेर अली ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।



यूपी बोर्ड ने 7526 बनाए परीक्षा केन्द्र, आपत्तियां मांगी

862 राजकीय, 3276 एडेड, 3388 वित्तविहीन स्कूल परीक्षा केन्द्र है प्रस्तावित
27 नवंबर तक फाइनल परीक्षा केन्द्रों की सूची होगी जारी : सचिव भगवती सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष – 2027 के लिए ऑनलाइन माध्यम से 7526 केंद्र बनाए हैं। इनमें 862 राजकीय, 3276 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय और 3388 वित्तविहीन स्कूल शामिल हैं। पिछले साल की तुलना में बोर्ड से निर्धारित परीक्षा केंद्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2026 की परीक्षा के लिए यूपी बोर्ड ने ऑनलाइन माध्यम से 7448 केंद्र बनाए थे। हालांकि आपत्तियों के निस्तारण के बाद जनपदीय समिति से अनुमोदित सूची में केंद्रों की संख्या पिछले सालों की तरह बढ़ना तय माना जा है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने आज बताया कि तहसील स्तरीय समिति से प्रमाणित विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर चयनित परीक्षा केन्द्रों (छात्र आवंटन सहित) की सूची सार्वजनिक करते हुए डीएम की अध्यक्षता में गठित जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति के परीक्षण तथा अनुमोदन के लिए वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सचिव ने साफ किया



है कि यदि ऑनलाइन माध्यम से चयनित परीक्षा केन्द्रों के संबंध में कोई आपत्ति ध शिकायत हो तो विद्यालय के छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य या प्रबंधक समुचित साक्ष्य सहित जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति के समक्ष निर्धारित प्रारूप पर अपना ऑनलाइन प्रत्यावेदन यूपी बोर्ड के पोर्टल पर 28 अक्तूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इस तिथि के बाद कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण कर उनका समयसीमा में निस्तारण करते हुए जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति से अनुमोदित सूची यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर छह नवंबर तक ऑनलाइन अग्रसारित करेंगे। यह सूची 16 नवंबर तक वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी और यदि इस सूची पर भी कोई आपत्ति है तो 21 नवंबर तक स्वीकार की जाएगी। बोर्ड की केन्द्र निर्धारण समिति इन आपत्तियों का निस्तारण करते हुए 27 नवंबर तक अंतिम सूची अपलोड की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर आपत्तियां देने के लिए यूपी बोर्ड ने प्रारूप भी जारी किया है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा के लिए यूपी बोर्ड ने ऑनलाइन माध्यम से 7526 केंद्र बनाए हैं। इस 10वीं-12वीं में 5211570 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं जबकि पिछले साल 53,37,432 परीक्षार्थियों के लिए 7448 केंद्र बनाए गए थे। साफ है कि परीक्षार्थियों की संख्या सवा लाख से अधिक घटने के बावजूद 78 केंद्र बढ़ गए हैं। यही नहीं इस साल राजकीय और एडेड स्कूलों के केंद्र कम हुए हैं और वित्तविहीन स्कूलों की संख्या बढ़ी है। पिछले साल 910 राजकीय, 3484 एडेड और 3054 वित्तविहीन स्कूल ऑनलाइन केंद्र बने थे जबकि इस साल 862 राजकीय, 3276 एडेड और 3388 वित्तविहीन स्कूल केंद्र बने हैं। साफ है कि पिछले साल की तुलना में 334 अधिक वित्तविहीन स्कूल इस बार ऑनलाइन केंद्र बनाए गए हैं।

प्रभु वाल्मीकि जी थे भगवान के गुरु : पवन श्रीवास्तव

आदि कवि भगवान महर्षि वाल्मीकि जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सोमवार को प्रातः 7 बजे ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में समाज द्वारा पूजन एवं आरती के साथ आदि कवि भगवान महर्षि वाल्मीकि जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने नई प्रतिमा का दर्शन-पूजन किया। 2 दिन पूर्व नई प्रतिमा की स्थापना राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन राम सिंह कंडारे द्वारा की गई थी। कार्यक्रम द ऑल इंडिया श्री वाल्मीकि यंग मैन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व मंत्री पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण, फल-मिष्ठान अर्पित कर पूजन-अर्चन किया। अपने उद्बोधन में पवन श्रीवास्तव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि उच्च कोटि के विद्वान एवं भविष्यवक्ता थे, जिन्होंने प्रभु श्रीराम के जन्म से पूर्व ही रामायण की रचना कर उनके जीवन का वर्णन किया। उन्हें प्रभु का गुरु मानने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। सायंकाल प्रभु महर्षि वाल्मीकि एवं लव-कुश की शोभायात्रा निकाली गई और बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री जगदीश प्रसाद, अध्यक्ष संदीप चौहान, किशन आनंद, पूरन, सुशील कुमार, सविता चौहान, बरखा प्रकाश, पार्षद नीरज गुप्ता, विनोद सोनकर, भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रवीण भारती, पार्षद अमित सिंह, बबलू रघुवंशी, आनंद सोनकर सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जबलपुर से आए प्रदीप चौहान ने विद्यालय को एक कंप्यूटर दान किया और छात्राओं अनाया कुशवाहा, रिद्धि को पुरस्कृत किया।

बारा में 18 सड़कें और दो पुल बनेंगे, मिली मंजूरी

विधायक डॉ. वाचस्पति ने गौहनिया में प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बारा। विधानसभा क्षेत्र में 18 सड़कों और दो पुलों के निर्माण को मंजूरी मिली है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से ग्रामीण इलाकों में आवागमन सुगम होने के साथ गांवों की संपर्क व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। रविवार को गौहनिया स्थित एक निजी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क और पुल निर्माण की जरूरतों को देखते हुए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। विधायक बारा ने कहा कि जनता के सुगम आवागमन के लिए ये सड़कें और पुल लाभकारी साबित होंगे। इनके निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आने-जाने में



सहूलियत मिलेगी। किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भी बेहतर संपर्क मार्गों का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बारा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। स्वीकृत परियोजनाओं में विभिन्न संपर्क मार्गों के निर्माण के साथ पुल और लघु सेतु से संबंधित कार्य भी शामिल हैं। इन कार्यों से क्षेत्र के कई गांवों को बेहतर सड़क संपर्क मिलने की संभावना है। प्रमुख संपर्क मार्गों के सुधारने से ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक डॉ. वाचस्पति ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि परियोजनाओं के पूरा होने से बारा क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी।

रामबाग में कवि सम्मेलन, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने किया संगठन की टी-शर्ट का लोकार्पण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। रामबाग रेलवे स्टेशन परिसर में 26 अक्टूबर को श्री श्री रामबाग सार्वजनिन दुर्गापूजा कमेटी एवं राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कमला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से हुए कार्यक्रम में विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने संगठन की टी-शर्ट का लोकार्पण किया। उन्होंने लोगों से संगठन से जुड़कर सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में भागीदारी करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. नम्रता देव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

विधायक ने रामबाग से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा करते हुए बताया कि इसी मंच से उन्होंने अपनी राजनीति की पहली सभा की थी। कवि सम्मेलन में शिवम भगवती, कुमार विकास, गुलशन अवस्थी, सरोज सिंह और अभिजीत मिश्रा सहित अन्य कवियों ने हास्य, व्यंग्य, वीर रस एवं भावपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का



संचालन कवि बागी विकास ने किया।

आयोजन में कवियों को अंगवस्त्र, माल्यार्पण और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संयोजक कवि अंबुज उषानंदन ने भी काव्यपाठ किया। संगठन की मुख्य ट्रस्टी खुशबू तिवारी, दुर्गापूजा कमेटी अध्यक्ष डॉ. प्रमोद शुक्ला और कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव ने सम्मान समारोह में भूमिका निभाई। संगठन अध्यक्ष एवं आयोजनकर्ता निखिल श्रीवास्तव ने अतिथियों, कवियों और श्रोताओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर रामबाग रेलवे स्टेशन अधीक्षक अखिलेश कुमार श्रीवास्तव सहित कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि ने सत्य, मर्यादा, मानवता का दिया संदेश : अशफाक

कांग्रेस महापुरुषों के विचारों, संविधान के मूल्यों पर चलती है : मंजू मौर्या

महर्षि वाल्मीकि, स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनायी गयी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज (सोरांव)। कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, निर्भीक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर उनके विचारों, संघर्षों और समाज के



प्रति योगदान को याद किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से सत्य, मर्यादा और मानवता का संदेश दिया, वहीं गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपनी कलम को गरीबों, मजदूरों, शोषितों और पीड़ितों की आवाज बनाया। उनका जीवन हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और समाज में प्रेम, भाईचारा तथा समानता कायम करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि आज के दौर में महर्षि वाल्मीकि के सामाजिक समरसता के संदेश और गणेश शंकर विद्यार्थी की निर्भीक पत्रकारिता के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान, न्याय और अधिकार नहीं मिलेगा,तब तक सच्चे लोकतंत्र का सपना अधूरा रहेगा। फाफामऊ विधानसभा प्रभारी मंजू मौर्या ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महापुरुषों के विचारों और संविधान के मूल्यों पर चलते हुए गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। महिला जिलाध्यक्ष खुशनवेदा फारुकी ने सभी से महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलकर एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और सद्भावपूर्ण समाज बनाने का संकल्प लेने की अपील की।कार्यक्रम में कांग्रेस जिला महासचिव समशुल कमर, ब्लाक अध्यक्ष मो. शमीम, कुमार गौरव मौर्या, पंचू पासी, मो.फारुक, वाररुम प्रभारी सददाम हुसैन सिद्दीकी,मो. नसीम,डा.अमर सिंह पटेल,रंगराज पटेल,शिवम पटेल, नन्हें पटेल,रमेश मौर्या,आलोक कनौजिया, समर बहादुर सरोज, समशेर पटेल, मो.इरशाद, आदित्य पाण्डेय लोग उपस्थित रहे।

चंद्रशेखर आजाद पार्क में बदहाल साफ-सफाई से वॉकर परेशान, टूटे पड़े हैं व्यायाम उपकरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में शुमार चंद्रशेखर आजाद पार्क (कंपनीबाग) में साफ-सफाई और रखरखाव की बदहाल व्यवस्था से प्रतिदिन टहलने आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्क में बने शौचालयों की स्थिति से लेकर व्यायाम के लिए लगाए गए उपकरणों तक की हालत पर सवाल उठ रहे हैं। नियमित रूप से पार्क आने वाले लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित प्रशासन की ओर से समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पार्क में सुबह-शाम वॉक करने वाले लोगों के अनुसार, शौचालयों और वॉशरूम में साफ-सफाई की कमी के कारण दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। इससे पार्क में टहलने और व्यायाम करने आने वाले लोगों को असुविधा होती है। वहीं, व्यायाम के लिए लगाए गए कुछ उपकरणों के टूटे पड़े होने की शिकायत भी सामने आई है। लोगों का कहना है कि पार्क जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर नियमित सफाई और उपकरणों का उचित रखरखाव बेहद जरूरी है।

सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर भी सवाल

पार्क में नियमित रूप से टहलने आने वाले लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था नियमित और प्रभावी नहीं दिखाई देती। उनका आरोप है कि कई बार साफ-सफाई की कमी के कारण पार्क का वातावरण प्रभावित होता है। ऐसे में लोगों ने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्था में सुधार करने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है।

सरकारी पोर्टल पर की गई शिकायत

पार्क में व्याप्त समस्याओं को लेकर नियमित रूप से वॉक करने वाले सुशील वर्मा ने जिला प्रशासन के साथ-साथ सरकारी शिकायत पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। अब लोगों की नजर इस बात पर है कि शिकायत के बाद संबंधित विभाग क्या कार्रवाई करता है और पार्क की व्यवस्थाओं में कब तक सुधार होता है। चंद्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में लोग सुबह-शाम टहलने और व्यायाम करने पहुंचते हैं। ऐसे में यहां साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता और व्यायाम उपकरणों का दुरुस्त रहना आवश्यक है। सवाल यह है कि स्वच्छता और बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं के दावों के बीच चंद्रशेखर आजाद पार्क की इन समस्याओं का समाधान कब होगा? अब देखना होगा कि सरकारी पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बाद प्रशासन कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है।

बैगवा में खेत बचाओ अभियान में किसानों को किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी । खेतों की मिट्टी की सेहत सुधारकर खेती की लागत घटाई जा सकती है और किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र, कौशांबी के मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को विकास खंड कौशांबी के ग्राम बैंगवा फतेहपुर में खेत बचाओ अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कही। डा मनोज कुमार सिंह ने कहा कि गोबर की सड़ी खाद, कंपोस्ट और हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है। इससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में सुधार होता है। उन्होंने किसानों को बीजामृत एवं जीवामृत जैसी प्राकृतिक खेती की विधियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह ने ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि इनके प्रयोग से पानी की बचत की जा सकती है। उन्होंने आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया। प्रगतिशील किसान अनुज कुमार ने प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में बीडीसी गुलाब, डॉ. इंद्र नारायण केसरवानी, अरविंद कुमार उर्फ मोनू, दिलीप कुमार, बचऊ लाल सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

बंदोइया गांव में दुर्गा पूजा समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। क्षेत्र के बंदोइया गांव में शिव शक्ति मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति की ओर से मां दुर्गा के भव्य पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के तहत सर्वप्रथम कन्या पूजन, कन्या भोज एवं मां दुर्गा की आरती की गई। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान माता शेरावाली के जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन में भाग लेकर मां दुर्गा की आराधना की। भंडारे में बड़ी संख्या में गांव एवं आसपास के क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के साथ–साथ समाज में आपसी भाईचारे एवं एकता की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर अनिल तिवारी, अविनाश तिवारी, अशोक तिवारी, आयुष त्रिपाठी, मोहन मिश्रा, अवध नारायण मिश्रा, अंश तिवारी, अंकित मिश्रा, राम तिवारी, दुर्गेश तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

मंदिरों से मुकुट और गहने चुराने वाले परिवार का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

कैंची से काटकर मुकुट बेचने की करते थे तैयारी, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और बाइक बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ पुलिस ने मंदिरों से मुकुट और आभूषण चोरी करने के आरोप में एक महिला, उसके पति और दो बेटों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मुकुट, मंदिरों के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, कैंची और



एक बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी के सामान को बेचने की तैयारी में थे।

थानाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी का सामान बेचने जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सरैया नौढिया निवासी किरण देवी, उसके पति गिरीश कुमार और बेटों रोहित कुमार व लवकुश को गिरफ्तार कर लिया। टीम में उपनिरीक्षक शिवशरण यादव, कांस्टेबल वीरपाल, कुलदीप यादव, आशुतोष सिंह और महिला कांस्टेबल प्रिया शामिल रहीं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी मंदिरों से मुकुट और आभूषण चोरी करने के बाद इलेक्ट्रॉनिक कांटे से उनका वजन करते थे। बरामद मुकुटों में से एक को कैंची से काटा गया था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि चोरी के सामान को कहां और किसे बेचा जाना था। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भद्रकाली धाम बाबागंजस्थित मां की मूर्ति पर लगा चांदी का मुकुट 25 अक्टूबर को चोरी हुआ था। इसके अलावा सराय नैन कुंवर स्थित हनुमान मंदिर से भी मुकुट चोरी होने की घटना सामने आई थी। इन घटनाओं के बाद पुलिस जांच में जुटी थी। पूछताछ में आरोपियों ने प्रतापगढ़ और रायबरेली के कई मंदिरों में चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस बरामद सामान का मिलान कर अन्य घटनाओं की जानकारी जुटा रही है

रायबरेली के मामले की भी जांच

पुलिस के अनुसार, किरण देवी और उसके बेटे रोहित का नाम रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र स्थित मंदिर से मुकुट चोरी के एक पुराने मामले में भी सामने आया था। पुलिस इस मामले के तथ्यों और वर्तमान बरामदगी के बीच संबंध की जांच कर रही है। अन्य मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

फतेहपुर में कांग्रेस का कमजोर चुनावी प्रदर्शन, गठबंधन में सीटों की दावेदारी आसान नहीं

2022 के विधानसभा चुनाव में छह सीटों पर कांग्रेस को मिले महज 0.85 से 2.98 प्रतिशत वोट, गठबंधन में दावेदारी पर उठ रहे सवाल

शीबू खान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन और सीटों के बंटवारे की चर्चाओं के बीच फतेहपुर जनपद में कांग्रेस का पिछला चुनावी प्रदर्शन उसकी दावेदारी के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले की सभी छह सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी का प्रदर्शन इतना कमजोर रहा कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र में उसे तीन प्रतिशत वोट भी नहीं मिल सके। ऐसे में इंडिया गठबंधन के तहत सीटों के बंटवारे में कांग्रेस की दावेदारी कितनी मजबूत होगी, यह राजनीतिक चर्चा का विषय बन सकता है।

वर्ष 2022 के चुनावी आंकड़ों पर नजर डालें तो बिंदकी विधानसभा सीट पर कांग्रेस का प्रदर्शन जिले की अन्य सीटों के मुकाबले बेहतर रहा था। यहां कुल 1,89,095 वोटों में से पार्टी प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह को 5,637 वोट मिले थे, जो कुल मतदान का 2.98 प्रतिशत था। इसके विपरीत फतेहपुर सदर विधानसभा सीट पर कांग्रेस का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा। यहां कुल 2,12,257 वोटों में से प्रत्याशी मोहसिन अहमद को महज 1,803 वोट मिले, जो कुल मतदान का 0.85 प्रतिशत था। वहीं जहानाबाद विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कमला देवी को 1,88,971 वोटों में से 3,550 वोट मिले थे। यह कुल मतदान का लगभग 1.88 प्रतिशत था। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी हेमलता को कुल 1,58,535 वोटों में से 1,753 वोट मिले, जो लगभग 1.11 प्रतिशत रहा। वहीं, हुसैनगंज विधानसभा सीट पर प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी को 1,86,594 वोटों में से 5,042 वोट मिले थे। उनका वोट प्रतिशत लगभग 2.70 रहा। खागा सुरक्षित विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ओमप्रकाश गिहार को 1,97,824 वोटों में से 3,773 वोट मिले,



जो लगभग 1.91 प्रतिशत था। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि वर्ष 2022 में कांग्रेस जिले की किसी भी विधानसभा सीट पर मजबूत चुनावी चुनौती पेश नहीं कर सकी थी। ऐसे में यदि आगामी चुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत सीटों का बंटवारा होता है तो कांग्रेस को अपनी दावेदारी के पक्ष में मजबूत राजनीतिक आधार प्रस्तुत करना होगा। दूसरी ओर, गठबंधन में शामिल दल भी चुनावी जीत की संभावनाओं को ध्यान में रखकर सीटों पर फैसला करना चाहेंगे। भाजपा को चुनौती देने और प्रदेश की सत्ता में बदलाव के लक्ष्य के साथ विपक्षी दलों के सामने सीटों का ऐसा बंटवारा करने की चुनौती होगी, जिससे गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत की संभावनाएं बढ़ सकें। ऐसे में फतेहपुर की छह विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के पिछले प्रदर्शन का असर गठबंधन की रणनीति पर पड़ सकता है। हालांकि, आगामी चुनाव तक बदलने वाले राजनीतिक समीकरण, संगठन की सक्रियता, प्रत्याशियों की छवि और स्थानीय मुद्दे भी सीटों के बंटवारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

असोथर में आज गरजेंगे राकेश टिकैत, महापंचायत में जुटेंगे किसान

मंडी स्थल पर किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा, प्रशासन ने परखी तैयारियां

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मंगलवार को असोथर पहुंचेंगे। नगर पंचायत असोथर के मंडी स्थल पर आयोजित किसान महापंचायत में वह किसानों की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। कार्यक्रम में फतेहपुर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही आसपास के जिलों से भी किसानों के पहुंचने की संभावना है। भाकियू पदाधिकारियों ने महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों के जुटने का दावा किया है।

महापंचायत को लेकर आयोजन स्थल पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने भी सभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर



तैयारियों की समीक्षा की। किसान नेता राकेश टिकैत के आगमन को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पदाधिकारियों के अनुसार, महापंचायत में किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। गौरतलब है कि बीते 25 अक्टूबर को असोथर में किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनसभा को संबोधित किया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। अब भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारी राकेश टिकैत की महापंचायत में उससे भी अधिक भीड़ जुटने की उम्मीद जता रहे हैं। कार्यक्रम में किसानों की भागीदारी और उठाए जाने वाले मुद्दों पर लोगों की निगाहें रहेंगी। वहीं युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट विवेक यादव ने बताया कि प्रयागराज से आते हुए अपने राष्ट्रीय नेता का स्वागत जनपद सीमा पर उनके द्वारा किया जायेगा तथा कटोघन टोल प्लाजा पर प्रदेश सचिव रनमन यादव द्वारा स्वागत होगा जिसके बाद काफिला सुजराही बाईपास पहुंचा जहाँ खागा तहसील अध्यक्ष सर्वेश यादव के कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा तत्पश्चात मंडी समिति खागा में युवा जिला उपाध्यक्ष युसूफ तबरेज के प्रतिष्ठान पर जलपान होगा उसके बाद काफिला थरियाव (बहरामपुर) स्थित हस्वा ब्लॉक अध्यक्ष राजा यादव के प्रतिष्ठान से होते हुए सीधे कार्यक्रम स्थल असोथर पहुंचेगे।

आस्था की राह पर निकली कलश यात्रा, भक्ति के रंग में सराबोर हुआ हिसामपुर परसखी

शिव हनुमान मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट के संयोजन में हुआ धार्मिक आयोजन, अतुल जी महाराज की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर की सहभागिता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। सिराथू क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शिव हनुमान मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट के संयोजन में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और उत्साह के बीच आयोजित इस धार्मिक यात्रा से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति जन कल्याण सेवा समिति श्रृंगवेरपुर से आए मुख्य अतिथि अतुल जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में ग्रामवासियों और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी धार्मिक आस्था व्यक्त की।

कलश यात्रा के आयोजन से गांव में आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश भी प्रसारित हुआ। धार्मिक आयोजनों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। इसी भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली। आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के



पदाधिकारियों के साथ ग्रामवासियों ने भी सहयोग किया।

शिव हनुमान मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट के संरक्षक अमरीश पाण्डेय उर्फ कुल्ली महाराज, अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, सचिव सुनील पाण्डेय और कोषाध्यक्ष सुरजीत साहू सहित अन्य सहयोगियों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों के सामूहिक प्रयास से कलश यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजक मंडल ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी लोगों और शामिल हुए श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुलिस की मौजूदगी में बांटी गयी डीएपी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सहकारी समितियों में डीएपी की उपलब्धता न होने से किसान बाजारों में मंहगें दामों पर डीएपी खरीदने को मजबूर हैं।



ऐसे में लालगंज के अझारा में सोमवार की सुबह इफको की दुकान पर पांच सौ बोरी डीएपी की खेप पहुंचने की जानकारी किसानों को हुई तो वहां भीड़ लग गयी। हालत ये हो गयी कि दुकानदार को डीएपी खाद के विक्रय को लेकर पुलिस को सूचना देनी पड़ी। आखिरकार पुलिस की मौजूदगी में किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध करायी गयी। वहीं तमाम किसानों को मायूस ही लौटना पड़ा। क्षेत्र के किसान रामदीन, जोखूलाल, हरिश्चंद्र तिवारी, रामअधार वर्मा, नन्हें लाल पाल आदि का कहना था कि– सहकारी समितियों में यूरिया व मिक्चर खाद तो मशक्कत के बाद मिल जा रही है लेकिन डीएपी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बाजारों से डीएपी मंहगे दामों पर खरीदने को किसान मजबूर हैं।

विभिन्न मांगों को लेकर किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) ने सोमवार को एसडीएम लालगंज को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से समस्याओं के निदान कराए जाने की मांग उठाई है। लालगंज में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अम्बावता की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के प्रवक्ता एवं मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज इकाई भानु प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण पर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष कमलाकांत शुक्ल ने कहा कि आवारा पशुओं से पूरे तहसील क्षेत्र में परेशानी बनी हुई है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मो0 हई रहे। बैठक के बाद यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग उठायी।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने मनाई गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढं। पत्रकारों ने अमर शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प कुंडा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की कुंडा इकाई की ओर से सोमवार को राम जानकी मार्केट स्थित संगठन के कार्यालय में अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्ष, साहस एवं निर्भीक पत्रकारिता को याद किया।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने पत्रकारिता को जनहित और समाज की आवाज बनाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनकी निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता आज भी पत्रकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। वक्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने और पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष गौरव मिश्रा । पन्नालाल गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

एआईएमआईएम ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दो मामलों में कार्रवाई की करी मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मोहिउद्दीन ने जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दो अलग–अलग मामलों में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में



आरोप लगाया गया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को रावण कहकर संबोधित किया। पार्टी ने इस बयान को अशोभनीय बताते हुए विरोध जताया और मामले में संज्ञान लेने की मांग की। वहीं, दूसरे मामले में थरियांव थाना क्षेत्र निवासी राजाराम लोधी की पुत्री पुष्पा देवी की कथित तौर पर जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में मुकदमा अपराध संख्या 223ध्2026 और धारा 103(1) बीएनएस का उल्लेख करते हुए कहा गया कि मामले में स्थानीय पुलिस ससुराली पक्ष के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। एआईएमआईएम ने दोनों प्रकरणों में उचित संज्ञान लेकर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के नाम भी शामिल रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जनपद के विभिन्न मंदिरों में दीपदान एवं रामायण पाठ का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर जनपद के हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रामायण पाठ एवं दीपदान का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया तथा महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों, विचारों एवं शिक्षाओं का स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान रामायण पाठ के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, धर्म, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक समरसता की महत्वपूर्ण धरोहर है, जो समाज को सदाचार, आदर्श जीवन एवं मानवीय मूल्यों की प्रेरणा प्रदान करती है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महर्षि वाल्मीकि के विचारों एवं आदर्शों का प्रचार–प्रसार करना तथा समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रोत्साहित करना रहा। रामायण पाठ के दौरान मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा।

मुकुट पूजन के साथ अजुहा में भव्य रामलीला का हुआ शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी । नगर पंचायत अजुहा में ऐतिहासिक रामलीला का आयोजन सोमवार को मुकुट पूजन व गणेश पूजन के बाद शुभारम्भ हुआ। नगर पंचायत अजुहा के नेता नगर के गांधी चबूतरे में रामलीला कमेटी की तरफ से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश पूजन व मुकुट पूजन के बाद नारद मोह ,रावण , दिग्विजय का कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन हुआ। रामलीला के प्रथम दिन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मुकुट पूजन करते हुए इसकी शुरुआत की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भगवान श्री राम,माता सीता, लक्ष्मण और भगवान हनुमान जी के चांदी के मुकुटों की पूजा की, पूजा के दौरान मुकुट पूजन करा रहे पंडित रमाशंकर मिश्र ने सबसे पहले गणेश पूजन के साथ मुकुट पूजा करवाई।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जनपद शाखा ने मनाई 81वीं वर्षगांठ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जनपद शाखा ने शनिवार को रामबाग स्थित संघ भवन में संयुक्त राष्ट्र की 81वीं वर्षगांठ मनाई। जिलाध्यक्ष मोहन लाल यादव ने कहा कि दुनिया



युद्धग्रस्त हो गई है। अमेरिका, ईरान, इजरायल, रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से जीव–जंतु, पेड़–पौधे और प्रकृति खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। मंडल अध्यक्ष जगदीश खरवार ने कहा कि स्थापना के समय 51 देशों ने चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे, अब 193 देश सदस्य हैं। उन्होंने डार्करूम सहायक का ग्रेड–पे 1900 से बढ़ाकर 4200 करने की मांग की। जिला मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि विश्व शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था प्रभावी काम नहीं कर रही है। महासंघ के जिलाध्यक्ष लाल साहब ने कहा कि माघ मेला और कुंभ मेला ड्यूटी का टीए–डीए आज तक नहीं मिला। कार्यवाहक अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने संयुक्त राष्ट्र के स्थान पर विश्व संविधान नाम की नई संस्था बनाने और उसका मुख्यालय जैसलमेर में स्थापित करने का सुझाव दिया। इस मौके पर बबलू खान, राजकुमार यादव, आशा संघ की जिलाध्यक्ष पूनम सिंह, शाहाना बेगम, विजयलक्ष्मी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को किया नमन, सत्य और मर्यादा का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय) । महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर नगर के श्री राम जानकी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्री वाल्मीकि रामायण पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र, नगर विधायक विंध यधाम मीरजापुर, सम्मिलित हुए और महर्षि वाल्मीकि जी के



आदर्शों को नमन किया। रामायण पाठ के माध्यम से प्रभु श्रीराम के मर्यादामय जीवन, आदर्श चरित्र, सत्यनिष्ठा और धर्म के प्रति समर्पण का संदेश जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।


कार्यक्रम में नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन और उनकी महान रचना रामायण से मिलने वाली प्रेरणाओं को स्मरण किया। महर्षि वाल्मीकि को भारतीय संस्कृति, साहित्य और आध्यात्मिक परंपरा का महान स्तंभ बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला ऐसा आदर्श ग्रंथ है, जो मनुष्य को कर्तव्य, त्याग, सत्य, न्याय, प्रेम और सामाजिक सद्भाव की शिक्षा देता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी पवन गंगवार, एसडीएम जूही प्रसाद, राजेश अग्रवाल, विजय गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। महर्षि वाल्मीकि की अमर वाणी और प्रभु श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को सत्य, धर्म, मर्यादा एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन और उनकी रचना रामायण भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो युगों–युगों तक मानवता को नैतिकता, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श जीवन का संदेश देती रहेगी।

विंध्य एक्सप्रेस-वे के लिए किसानों को मिलेगा चार गुना मुआवजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय) । विन्ध्य एक्सप्रेस वे एवं विंध य पूर्वांचल स्पर एक्सप्रेस–वे निर्माण हेतु जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विंध्य एक्सप्रेस–वे



परियोजना से प्रभावित तहसील चुनार अन्तर्गत शेष ग्रामों क्रमशः मड़फा, धौहा, सरिया व जंगल महाल तथा विंध्य पूर्वांचल स्पर एक्सप्रेस–वे परियोजना से प्रभावित शेष 02 ग्रामों क्रमशः अगरसण्ड व रींवा व तहसील सदर के विंध्य एक्सप्रेस वे से प्रभावित शेष 04 ग्राम क्रमशः बेलवन, अनुरुद्ध पुर पूरब पट्टी, मवैया व हिनौती की गठित क्रय कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शेष ग्रामों के काश्तकारों को दरध्सर्किल दर के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें सर्किल दर का ग्रामीण क्षेत्र में चार गुना एवं शहरी क्षेत्र में दो गुना भूमि की प्रकृति के अनुसार मुआवजा दिये जाने व संरचनाध्भवनों का मूल्यांकन वर्तमान दर पर दिये जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि०ध्रा० विनोद कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सेमफोर्ड स्कूल के प्रबंधक को मिली पीएचडी की उपाधि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । दिल्ली के इंडिया हेबिटेट सेंटर में मेरिलैंड स्टेट विश्वविद्यालय केद्य द्वारा मीरजापुर जनपद के सेमफोर्ड स्कूल केद्य प्रबंधक ई० विवेक बरनवाल एवं शिप्रा बरनवाल को शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डाक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

ई० विवेक बरनवाल ने बताया की 2010 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला , ओड़िशा, भारत से बी० टेक० (इंजिनियरिंग)करने के उपरांत शिक्षा एवंद्य समाज सेवा केद्य क्षेत्र में 16 वर्षों तक उत्कृष्ट काम करनेद्य के लिए डाक्ट्रेट की उपाधि से सम्मान प्राप्त हुआ। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात हैं।

आज मीरजापुर जनपद के लोगों के आशिर्वाद एवं सहयोग से यह सम्मान प्राप्त कर बहुत ही गौरव कीद्य अनुभूति होद्य रही। आज हमारा जिला मीरजापुर माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र में बढ़ रह हैं और यह मेरे लिए गौरव का



क्षण हैं।

शिप्रा बरनवाल नेद्य बताया की बाल्यकाल से ही मेरी रुचि शिक्षा में रही और हिंदी विषय से मास्टर की डिग्री प्राप्त करके शिक्षा एवं प्रबंधन के क्षेत्र में रुचि रखते हुए हम लोगों ने काम किया। आज डॉक्ट्रेर की डिग्री पाकर के बहुत अच्छा लग रहा है हम लोगों पर मां विंध यवासिनी का आशीर्वाद ऐसे ही बना रहे।

जीवन में बहुत उतार और चढ़ाव देखा गया लेकिन यह जगत जननी का ही आशीर्वाद है कि आज हम लोग इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

यह उपाधि सिर्फ हम लोगों के लिए गौरव की बात नहीं है बल्कि हमसे जुड़े सभी लोगों के लिए गौरव की बात है हमारे परिवार के सभी सदस्य इस उपलब्धि के लिए बहुत खुश है और उन सभी ने हम सभी को आशीर्वाद दिया है।

उपाधि प्राप्त करने पर माता पिता महेश बरनवाल, शशि कला बरनवाल, अनिल कुमार बरनवाल श्रीमती आभा बरनवाल, श्रृंखला बरनवाल, विकास बरनवाल, सुमित कुमार यादव, वीरेंद्र बिंद, श्वेता मल्होत्रा खत्री, प्रतीक अग्रवाल, मोहम्मद इरशाद फारुकी आदि वरिष्ठ जन एवं मित्रों ने शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दी।

बरेका में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 का शुभारंभ

महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ
`सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के संदेश के साथ ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में 26 अक्टूबर से 01 नवंबर 2026 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2026 मनाया जा रहा है। इस क्रम में आज 26 अक्टूबर को प्रशासन भवन स्थित स्वागती हॉल में प्रातः 11रू00 बजे 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में बरेका के महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी ने अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सदैव



सजग रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सप्ताह लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती वाले सप्ताह में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष की विषयवस्तु 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' समाज एवं कार्यस्थल पर नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति विकसित करने का संदेश देती है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों में नैतिक आचरण, ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन के माध्यम से संगठनात्मक कार्यप्रणाली में सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा जनहित एवं संस्थागत विश्वास को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

समारोह में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मनीष कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक शील, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक आलोक अग्रवाल, प्रधान वित्त सलाहकार मुक्तेश मित्तल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर राम जन्म, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी लालजी चौधरी, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार, महानिरीक्षक–सह–प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त देवराज कुमार मौर्य, उप महाप्रबंधक सागर, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिन में रेकी, रात में चोरी-अंतरराज्यीय खरवार गैंग के 8 आरोपी गिरफ्तार, 65 लाख के जेवर बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मिर्जापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय) । कटरा कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले



अंतरराज्यीय खरवार गैंग का खुलासा करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 65 लाख रुपये कीमत के सोने–चांदी के आभूषण और चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है।

पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त 2026 को कटरा कोतवाली क्षेत्र के चिनियहवा इनारा डंकीनगंज निवासी रोहित कुमार विश्वकर्मा ने अपनी दुकान में रात के समय अज्ञात चोरों द्वारा आभूषण चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना का शीघ्र खुलासा करने और चोरी गए आभूषणों की बरामदगी के निर्देश दिए थे।इसी क्रम में 25 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में कटरा कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना तथा भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। गिरोह के सदस्य उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही और प्रयागराज सहित विभिन्न जिलों के रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों के आसपास डेरा डालकर रहते थे। दिन में शहद अथवा खिलौने बेचने के बहाने घरों और सर्राफा दुकानों की रेकी करते थे। इसके बाद रात के अंधेरे में घरों और दुकानों में घुसकर गहने, कीमती सामान और नकदी चोरी करते थे। चोरी के आभूषण बेचकर मिलने वाली रकम आपस में बांट लेते थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौतम खरवार, प्रेम मांझी, प्रेम खरवार, राजकुमार खरवार, चौंपियन कुमार, बीरेंद्र कुमार, विकास कुमार और आनंद कुमार के रूप में हुई है। सभी आरोपी बिहार के कैमूर, भोजपुर और रोहतास जिलों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बरामदगी में 585 जोड़ी पायल, छह पैजनी, 1,316 मीना, बच्चों के 106 चुड़ले, चांदी की दो अंगूठियां, 24 राखियां, 36 चेन और 17 करधनियां शामिल बताई हैं। इसके अलावा पीली धातु के 10 ज्यूतिया, दो चेन, 11 अंगूठियां, एक लॉकेट, तीन ओम, एक झुमका और एक मांगटीका बरामद किया गया है। चोरी में इस्तेमाल होने वाले तीन रंभा, तीन छेनी, एक पेचकस, पांच प्लास, एक हथौड़ा और एक कटर भी पुलिस ने बरामद किया है। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपये बताई गई है। गिरोह के विरुद्ध कटरा कोतवाली, मड़िहान, लालगंज, कोतवाली देहात, राजगढ़, जिगना और संत नगर थानों में चोरी एवं बरामद संपत्ति से संबंधित कुल नौ अभियोग दर्ज बताए गए हैं। आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में कटरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज पाठक, एसओजी प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह और सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सेठ अपनी–अपनी टीमों के साथ शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त टीम के कार्य की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

सपा कार्यालय पर मनाई गई महर्षि बाल्मीकि एवं संत शिरोमणि नामदेव की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मिर्जापुर। महर्षि वाल्मीकि और संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव एवं संचालन महासचिव आदर्श यादव ने किया।



इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और नेताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस मौके पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज में भेदभाव, ऊंच–नीच की भावना तथा नफरत को खत्म किया था। उन्होने कहा कि नेता जी पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव ने बाल्मीकी जयंती पर उनके सम्मान में सरकारी अवकाश घोषित किया था। संत शिरोमणि ने पिछड़ों, दलितों, गरीबों और शोषितों को जागृत किया। उन्होंने पूरे देश में भ्रमण कर समाज में सामाजिक चेतना जगाने के साथ समता, समानता और सद्भावना एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों खासकर जातिगत भेदभाव को खत्म करने का संदेश दिया। जयंती समारोह में मुन्नी यादव, रोहित शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, राजेश भारती, राणा प्रताप सिंह, शैलेष पटेल, अभय यादव, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश यादव, संतोष गोयल, परवीन बानो, हरिशंकर यादव, मेवालाल प्रजापति, गायत्री पटेल, गोबिन्द पटेल, यादव आदि मौजूद रहें।

अमर शहीद बृजेश मौर्य की स्मृति में बनेगा स्मृति द्वार, विधायक विपुल दुबे ने किया भूमि पूजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। ज्ञानपुर विधानसभा के ग्राम सभा कसियापुर में सोमवार को अमर शहीद बृजेश मौर्य की स्मृति में बनने वाले स्मृति द्वार का ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने विधि–विधान से भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक ने नम आंखों से शहीद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। विधायक विपुल दुबे ने कहा कि स्मृति द्वार का निर्माण एक महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की



अमूल्य धरोहर है। उनका त्याग, समर्पण और देश के प्रति निष्ठा सदैव आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। शहीदों की स्मृतियों को संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और सम्मान के लिए समर्पित रहें। स्मृति द्वार का निर्माण अमर शहीद बृजेश मौर्य की वीरता और बलिदान को सदैव याद दिलाने के साथ ही क्षेत्रवासियों के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर श्याम नारायण मौर्य, ग्राम प्रधान अमृत लाल, सभाजीत गौतम, मोती लाल मौर्य, अश्विनी श्रीवास्तव, सुरेंद्र मौर्य, राजाराम बिंद, भाईलाल सरोज, रहीम, रामजी बिंद, उमाशंकर मौर्य, सिद्धांत मौर्य, सर्वेश मौर्य, मेहीलाल मौर्य, लाल बहादुर मौर्य, जगत मौर्य, रामसूरत बिंद, चंद्रभान मौर्य, भरतराज सिंह, प्रमोद मौर्य और राकेश मौर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जनगणना–2027 : चार केंद्रों पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

''डीएम शैलेष कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने किया शुभारंभ, 16 से 30 नवंबर तक स्व–गणना में भागीदारी की अपील''

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जनगणना–2027 के द्वितीय चरण के तहत जनसंख्या गणना के सफल संचालन के लिए जिले के चार प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।



जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने सेंट थॉमस स्कूल, ज्ञानपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अन्य केंद्रों पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं और दिशा–निर्देशों को गंभीरता से समझने तथा गणना के दौरान आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए। ज्ञानपुर स्थित सेंट थॉमस स्कूल में लगभग 250 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को 10 फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं।जयराजी देवी पब्लिक स्कूल, जंगीगंज में लगभग 250 प्रशिक्षणार्थियों को 10 फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

भदोही में महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी, मिशन शक्ति अभियान में सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। शासन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के निर्देशन में जिले में शमिशन शक्ति अभियान (फेज 6.0)श चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने अपने थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर चलाया गया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से सीधी बात की। उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा इनसे बचने के सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया।पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं को भयमुक्त होकर अपनी बात रखने को कहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

सीएम योगी ने अखिलेश पर कसा तंज, कहा, आपको बांग्लादेशी घुसपैठियों से इतना प्यार क्यों





लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर बांग्लादेशी और पाकिस्तानी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा, अखिलेश जी, आपको बांग्लादेशी घुसपैठियों से इतना प्यार क्यों है। उन्होंने कहा कि भगवान राम और निषादराज की मित्रता चली तो राक्षसराज का अंत हुआ और यह मित्रता जब तक रहेगी, तब तक सपा और कांग्रेस के राज का स्वाहा होना तय है। मुख्यमंत्री कानपुर में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बिल्हौर और बिठूर विधानसभा क्षेत्रों की 411 करोड़ रुपये से अधिक की 48 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण–शिलान्यास और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के हाल के बयान की ओर संकेत करते हुए कहा, इस समय देश में दो मियां हैं, एक छोटे मियां, एक बड़े मियां। सपा प्रमुख पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा, छोटे मियां को घुसपैठियों से बड़ा प्यार है। ये बांग्लादेशी घुसपैठियों को गले लगाते हैं और दलितों, वंचितों, गरीबों, किसानों, युवाओं का अपमान करते हैं। सपा प्रमुख से सवाल करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, मैं पूछना चाहता हूं अखिलेश जी, आपको बांग्लादेशी घुसपैठियों से इतना प्यार क्यों है? मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, बांग्लादेशी–पाकिस्तानी घुसपैठिए यहां गरीबों का हक छीनने का काम करते हैं। आप और आपकी पार्टी ने एसआईआर (मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण) में जबरन उनका नाम डलवाकर यहां के गरीबों का हक लूटने का कार्य किया है और लगातार इस प्रकार की शरारत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जब घुसपैठिया आता है तो यही लोग उसका राशन (कार्ड) बनवाते हैं और गरीब का राशन उस तक पहुंचाते हैं। 2017 से पहले इसलिए गरीब, किसान आत्महत्या करता था। योगी ने तंज कसते हुए कहा, अखिलेश जी, आपको एक बार सत्ता विरासत से मिल गई थी, लेकिन काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती। आपके कारनामों को देखकर जनता आपको विदा कर चुकी है। उन्होंने बिठूर की विरासत को नमन करते हुए कहा कि भगवान राम जब अयोध्या से निकले तो सबसे पहले मित्रता के लिए निषादराज आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्री राम के साथ ही महर्षि वाल्मीकि, तुलसीदास, निषादराज के मंदिरों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में 56 फुट ऊंची भगवान राम और निषादराज की गले मिलती प्रतिमा स्थापित की गई है। उन्होंने कहा, लोगों ने कहा कि इसकी आवश्यकता आज क्या है, हमने कहा कि यह भगवान राम और निषादराज की मित्रता का प्रतीक है। उस समय यह मित्रता चली तो राक्षसराज का अंत हुआ और यह मित्रता जब तक रहेगी तो सपा और कांग्रेस के राज का स्वाहा होना तय है।

68,500 शिक्षक-भर्ती अभ्यर्थियों ने शिक्षा-मंत्री का आवास घेरा

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में सोमवार को 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव कर सुंदरकांड का पाठ किया। उन्होंने सरकार और अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान नियुक्ति की मांग को लेकर नारेबाजी और हंगामा हुआ। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का–मुक्की भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने 'ऐसी क्या मजबूरी है, आरक्षण की चोरी है' और 'पिछड़ा आयोग ने माना है, आरक्षण घोटाला है' जैसे नारे लगाए। पुलिस ने अभ्यर्थियों को मौके से हटाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों को उठाकर ले जाते दिखे। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कपड़े फाड़ने और अभद्रता करने के आरोप लगाए। पुलिस ने अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन करने आए तूफान सिंह ने बताया कि 10 सितंबर को हम सभी लोगों की मुलाकात बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के साथ हुई। इस दौरान बेसिक और माध्यमिक विभाग के तमाम आलाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में दोनों मंत्रियों के साथ अधिकारियों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि घोटाला हुआ है। जब राज्य पिछड़ा आयोग ने मान लिया राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग ने मान लिया और अब सरकार में बैठे अधिकारी मंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं कि घोटाला हुआ है तो रोजगार क्यों नहीं मिलता। प्रदर्शन कर रहे आशुतोष वर्मा ने कहा कि हम पिछले 8 साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती में बड़े स्तर पर आरक्षण घोटाला हुआ है। राज्य और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी आरक्षण में गड़बड़ी की बात मानते हुए नियमों का पालन करने का आदेश दिया है। आशुतोष ने कहा कि हमारी मांग है कि योग के आदेशों का पालन किया जाए। वर्ष 2018 में भर्ती निकली थी, तभी हमने फॉर्म भरा था। इसके बाद से आज तक नौकरी की उम्मीद में 8 साल से सिर्फ चप्पल घिस रहे हैं। यहां से उठाकर हमको इको गार्डन में बिठा दिया जाएगा दिन वही गुजर जाएगा। त्योहार के समय प्रदर्शन करना बहुत दुख की बात है मगर मजबूरी में करना पड़ रहा है।

शॉपर्स स्टॉप ने लखनऊ में पेश किया दिवाली फैशन कलेक्शन

लखनऊ,संवाददाता। भारत के प्रीमियम फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन शॉपर्स स्टॉप ने लखनऊ के फीनिक्स पलासियो में एक विशेष फैशन शोकेस के माध्यम से दिवाली के उत्सवी रंगों को जीवंत किया। इस शोकेस में दिवाली के विभिन्न अवसरों के लिए तैयार किए गए आकर्षक फेस्टिव कलेक्शन को प्रस्तुत किया गया, जिसमें आधुनिक फैशन और पारंपरिक परिधानों का खूबसूरत मेल देखने को मिला।दिवाली के विभिन्न रंगों और उत्सव के अलग–अलग पलों से प्रेरित इस कलेक्शन में चार खास फैशन थीम प्रस्तुत की गईं, जिनमें त्योहार के अलग–अलग अंदाज को दर्शाया गया। दिवाली होमकमिंग थीम के तहत कैजुअल वेस्टर्न वियर प्रस्तुत किया गया, जो त्योहार के दौरान घर लौटने की खुशी और उत्साह को दर्शाता है। वहीं, दिवाली गेम नाइट लुकश में पार्टीवियर और मॉडर्न वेस्टर्न स्टाइल्स को रनवे पर प्रस्तुत किया गया, जो दोस्तों और परिवार के साथ उत्सव की शामों के ग्लैमर और मस्ती को दर्शाते हैं। फैमिली गेट–टुगेदर लुक में फ्यूजन और इंडो–वेस्टर्न परिधानों को प्रस्तुत किया गया, जिनमें मॉडर्न डिजाइनों के साथ पारंपरिक उत्सवी अंदाज का समावेश है। वहीं, फेस्टिव सेलिब्रेशन एडिटश में इंडियन एथनिक वियर की पारंपरिक खूबसूरती को प्रदर्शित किया गया, जो भव्य उत्सवों और विशेष अवसरों के लिए उपयुक्त हैं। इन चारों फैशन थीम ने दिवाली के लिए तैयार होने के विभिन्न अंदाजों को दर्शाया, जिनमें घर वापसी से लेकर पारिवारिक मेल–मिलाप और भव्य उत्सवों तक के लिए परिधानों के विकल्प शामिल हैं।यह कलेक्शन प्रीमियम शॉपिंग एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए शॉपर्स स्टॉप की विशेष क्यूरेशन रणनीति को दर्शाता है। इसमें फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल से जुड़ी विभिन्न कैटेगरी को एक साथ प्रस्तुत किया गया है। मॉडर्न वेस्टर्न वियर और इंडियन एथनिक परिधानों से लेकर एक्सेसरीज, प्रीमियम वॉचेज, हैंडबैग्स, फ्रेगरेंस और ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक, ग्राहक अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार दिवाली के लिए खास लुक तैयार कर सकते हैं। शॉपर्स स्टॉप के कस्टमर केयर एसोसिएट एवं सीईओ, श्री कवींद्र मिश्रा ने कहा, ष्दिवाली खुशियों, अपनों को गिफ्ट देने और नई शुरुआत का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शॉपर्स स्टॉप में हमारा मानना है कि सही चुनाव इन खास पलों को और भी यादगार बना सकते हैं। गिफ्ट्स ऑफ लव पहल के माध्यम से हम ग्राहकों की विविध जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चुनिंदा प्रोडक्ट्स और लाइफस्टाइल से जुड़े विकल्पों का कलेक्शन प्रस्तुत करते हैं। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उनकी पसंद और अवसर के अनुरूप गिफ्ट चुनने की सुविधा प्रदान करना है, साथ ही उन्हें प्रीमियम और सहज शॉपिंग एक्सपीरियंस उपलब्ध कराना है। एक ब्रांड के रूप में हम शॉपर्स स्टॉप को फेस्टिव शॉपिंग के लिए ग्राहकों का पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां क्वालिटी, चॉइस और बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस का संगम हो।ष्शॉपर्स स्टॉप का यह फेस्टिव कलेक्शन देशभर के शॉपर्स स्टॉप स्टोर्स और ऑनलाइन उपलब्ध है।

अखिलेश ने भाजपा के 4 नेताओं को सपा जॉइन कराई, 5 लाभार्थियों को घर की चाबी दी



लखनऊ,संवाददाता। समाजवादी पार्टी में आज बड़ी जॉइनिंग हुई है। भाजपा छोड़कर 4 बड़े चेहरों ने सपा जॉइन की। इनमें बदायूं दातागंज से भाजपा के 2 बार के पूर्व विधायक सिनोद शाक्य, बिसौली से पूर्व विधायक कुशाग्र सागर शामिल हैं। भाजपा नेता चंद्र कुमार मिश्र और राम बहादुर पासी ने भी अखिलेश के साथ आ गए। पूर्व आईएएस राम बहादुर पासी बसपा शासन में मायावती के करीबी माने जाते थे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा हम तो राजनीति में आए ही सरकार बनाने और जनता की सेवा करने के लिए हैं। मैं कोई साधु–संत थोड़ी हूं, जो जंगलों या मठों में जाऊंगा, हमें तो सत्ता और मुख्यमंत्री की कुर्सी ही चाहिए ताकि हम प्रदेश का विकास कर सकें। ये योगी आदित्यनाथ के बयान का पलटवार था, जिसमें उन्होंने कहा था साधु–संतों का लक्ष्य सत्ता या कुर्सी नहीं होता, बल्कि उनका लक्ष्य लोक कल्याण और सेवा होता है। सत्ता और कुर्सी की लालसा उन लोगों को होती है जिन्हें केवल परिवारवाद और सत्ता का मोह है। इस मौके पर 5 गरीब महिलाओं को नए घरों की चाभी सौंपी गई। अखिलेश यादव ने गरीबों के लिए 5 लाख रुपए में मकान बनवाकर देने वाले मंतोष यादव को सम्मानित किया। अखिलेश यादव ने सपा में नेताओं के शामिल होने पर कहा इन जॉइनिंग से पूरे प्रदेश में बड़ा संदेश गया है। इससे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की लड़ाई और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नेताओं के आने से समाजवादी पार्टी और पीडीए परिवार की जीत और बड़ी होगी। दारा सिंह प्रजापति का जिक्र करते हुए बोले कि जिनके साथ दारा होंगे, वही अखाड़ा जीतेगा। पूर्व आईएएस राम बहादुर पासी की तारीफ करते हुए अखिलेश ने कहा कि नौकरी के दौरान भी उनकी अपनी पहचान रही है और जिसके नाम में राम जुड़ा हो, उसके सब काम बन जाएंगे। उन्होंने वादा किया कि पार्टी में आए सभी साथियों को पूरा राजनीतिक सम्मान दिया जाएगा। राज्य में सपा की सरकार बनने पर आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म होगी। संविदा सफाई कर्मियों के लिए खास योजनाएं आएंगी। वाल्मीकि समाज के बेघर लोगों को मकान दिए जाएंगे। साथ ही, बड़े पैमाने पर साइकिलें बांटी जाएंगी और वकीलों के लिए चौंबर बनवाए जाएंगे। भाजपा अभी भी वोटर लिस्ट में हेराफेरी, धांधली और वोट डकैती से बाज नहीं आ रही है। सुनीता पत्नी राजेश नाम की प्रदेश भर में 2000 से अधिक एंट्री मिली हैं। विपक्षी दलों की एकजुट आवाज के बाद ही चुनाव आयोग को मजबूरी में कार्रवाई करनी पड़ी है। अरुणाचल प्रदेश में चीन की घुसपैठ का मुद्दा 10 साल से सत्ता में बैठी सरकार को सिर्फ चुनाव के वक्त ही याद आता है। लखनऊ में मर्डर और गोरखपुर जेल में संदिग्ध मौतें सरकार की नाकामी दर्शाती हैं। विवादित होर्डिंग्स पर उन्होंने पूछा कि इन्हें कौन लगवा रहा है और इसके पीछे पैसा किसका लगा है? सपा को गठबंधन का अच्छा तजुर्बा है। रावण वाले बयान पर सफाई दी कि यह शब्द 10 साल से अन्याय करने वालों के लिए था।

संजय सिंह ने लगाया मतदाता सूची में धांधली का आरोप

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के जवाब पर जताई नाराजगी

लखनऊ,संवाददाता। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश की वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, काटने और मतदाताओं के विवरण में गलतियां होने का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के एक जवाब पर कड़ी आपत्ति जताई। संजय सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी लगातार मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मुद्दा उठा रही है, लेकिन चुनाव आयोग की ओर से संतोषजनक जवाब देने के बजाय विवादित प्रतिक्रियाएं दी जा रही हैं। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव ने मतदाता सूची में दर्ज कुछ नामों और उनके विवरण में कथित गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाए थे। इनमें 'राम ने यादव को मारा' जैसी एंट्री और मतदाताओं के नामों के साथ पिता के नाम में गलतियां शामिल थीं। उन्होंने 'मोहम्मद इकबाल बेग' नाम को गलत तरीके से 'मोहम्मद इकबाल भीख मांगते हैं' लिखे जाने का भी आरोप लगाया। संजय सिंह ने कहा कि इस तरह की गलतियां मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब मतदाता सूची में इस तरह के नाम दर्ज हो रहे हैं, तो उनकी जांच और सुधार की जिम्मेदारी किसकी है। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि राजेश यादव के सवालों के जवाब में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की ओर से सोशल मीडिया पर दी गई प्रतिक्रिया आपत्तिजनक थी। उनके मुताबिक, जवाब में कहा गया कि कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जातिवादी नहीं है और गलती के दौरान जातिगत भेदभाव नहीं हुआ। संजय सिंह ने इस जवाब में अल्पसंख्यक समुदाय का जिक्र किए जाने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अधिकारी को ऐसे सवालों का जवाब तथ्यों और तर्कों के आधार पर देना चाहिए। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि इस तरह की टिप्पणी संवैधानिक पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है।



उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आप सांसद ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में करीब 13 लाख नाम जोड़े गए हैं और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने पीलीभीत समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में गड़बड़ी होने का दावा किया। संजय सिंह ने कहा कि कुछ स्थानों पर एक ही ईपीआईसी नंबर के साथ नाम बदलने और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीलीभीत, बिस्वा, तरबगंज और जहानाबाद समेत कई क्षेत्रों में मतदाता सूची को लेकर सवाल उठे हैं। संजय सिंह ने चुनाव आयोग से इन मामलों का स्पष्ट जवाब देने और सूची में दर्ज गलतियों की जांच कराने की मांग की। हालांकि, नाम जोड़ने और काटने से संबंधित इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संजय सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा परिस्थितियों में आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों की शिकायतों पर कार्रवाई होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं से चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। संजय सिंह ने मांग की कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मतदाता सूची में मौजूद गलतियों को तत्काल ठीक किया जाए। संजय सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों का मुद्दा लगातार उठाती रहेगी।

संक्षिप्त

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम योगी, अखिलेश और मायावती ने दी बधाई

लखनऊ,संवाददाता। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों से एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश सामने आया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) के माध्यम से देश व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक्स पर एक विशेष पत्र साझा किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने लिखा कि युवा शक्ति को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज से हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। जब मन से ऊंच–नीच की दीवारें टूटेंगी, तभी समरस समाज का स्वप्न साकार होगा। महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण के माध्यम से सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का जो मार्ग दिखाया है, वह युगों–युगों तक मार्गदर्शन करता रहेगा। आज उत्तर प्रदेश सरकार भी इन्हीं आदर्शों पर चलकर हर वर्ग के उत्थान में जुटी है। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने देशवासियों को बधाई देते हुए लिखा, समस्त देशवासियों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आज का पावन दिन हम सभी को आपसी भाईचारा, सुख–शांति और सौहार्द के साथ खुशहाल जीवन जीने का संदेश देता है।

ट्रक पलटने से आउटर रिंग रोड पर बाइक सवार युवक की मौत

लखनऊ,संवाददाता। बख्शी का तालाब (बीकेटी) थाना क्षेत्र में आउटर रिंग रोड पर हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल पर पलट गया। ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान लालपुर निवासी नन्हऊ (35) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा अचानक हुआ। ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने के कारण मोटरसाइकिल सवार को संभलने का मौका नहीं मिल सका। घटना के बाद आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही बीकेटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही हादसे की जानकारी जुटाई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल और ट्रक के संबंध में भी जानकारी जुटाई है। बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसा किस वजह से हुआ, ट्रक की रफ्तार कितनी थी और चालक से नियंत्रण कैसे छूटा, इन बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की स्थिति और स्पष्ट होगी। पुलिस ने घटना से जुड़े तथ्यों और प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी भी जुटानी शुरू कर दी है।

पत्नी के मायके जाने से परेशान मजदूर ने लगाई फांसी

लखनऊ,संवाददाता। निगोहां के कुसमौरा गांव में सोमवार को 30 साल के मुकेश कुमार रावत ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार को जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुकेश मजदूरी कर परिवार चलाता था। उसकी मां नन्हकाई देवी ने बताया कि करीब एक महीने पहले मुकेश की पत्नी विजय कुमारी से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह मायके चली गई थी। मुकेश कई बार पत्नी को वापस लाने ससुराल गया, लेकिन वह नहीं लौटी। पत्नी के वापस न आने से मुकेश परेशान था। इसी परेशानी में उसने सोमवार को यह कदम उठाया। मुकेश अपने पीछे पत्नी विजय कुमारी और नौ महीने के बेटे शिवशांत को छोड़ गया है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

प्रधानमंत्री के पिता को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। हजरतगंज में लालजी टंडन की प्रतिमा से गांधी प्रतिमा तक मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की तस्वीरों को जूतों से कुचला और मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीरों को चप्पलों से पीटा। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर लगातार की जा रही टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। वहीं, भाजपा नेता रणवीर सिंह कलशी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। वे देश की जनता का विरोध बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। जिस भाषा में उन्हें समझ आएगा, उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। सीता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे साथ युवा पीढ़ी यानी जेन–जी भी है। उनका आरोप है कि विपक्षी नेता जेन–जी को लेकर भी उल्टी–सीधी बातें करते हैं।

सआदतगंज में ट्रिपल मर्डर, फायरिंग कर पिता-पुत्र समेत 3 की हत्या की, एक गंभीर

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के सआदतगंज में सोमवार को गाड़ी खड़ी करने की बात पर दो पड़ोसियों के बीच खूनी जंग हो गई। नौबस्ता के ब्राह्मणी टोला में हुआ यह विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी ऋषभ शुक्ला ने आपा खो दिया और पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी में एक ही परिवार के पिता–पुत्र समेत तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सोमवार को सड़क पर गाड़ी पार्क करने को लेकर बात बढ़ी और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले ऋषभ शुक्ला ने घर से असलहा निकाला और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

जिलाधिकारी ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के प्रथम बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जनपद में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या की गणना को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपनन् कराने के उद्देश्य से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के प्रथम बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 के महत्व, डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया, प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के दायित्वों तथा जनगणना कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपनन् कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बताया कि ङ्ङजनगणना 2027 पूर्णतया डिजिटल माध्यम से संपनन् कराई जाएगी।ङ्ङ डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी होगी तथा आंकड़ों के संकलन एवं प्रबंधन में सुगमता आएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के समुचित आवंटन तथा भविष्य की नीतियों के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति एवं परिवार से संबंधित जानकारी का सही एवं पूर्ण संकलन अत्यंत आवश्यक है।

16 नवंबर से 30 नवंबर तक नागरिक स्वयं कर सकेंगे स्व-गणना

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आम नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए ङ्ङ16 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना (एर्ट्हिल्स्लूंगदह)ङ्ङ की अवधि निर्धारित की गई है।इस अवधि में नागरिक डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी एवं अपने परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे स्व-गणना की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

01 दिसंबर से 04 जनवरी तक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे प्रगणक

जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना की अवधि समाप्त होने के उपरांत ङ्ङ01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक जनगणना का फील्ड कार्य संचालित किया जाएगा।ङ्ङ

इस दौरान नियुक्त प्रगणक अपने-अपने आवंटित गणना खंडों (हिल्स्लूंगदह ँत्दम्ह्ँ) में घर-घर जाकर जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रगणक अपने आवंटित क्षेत्रों की जानकारी भली-भांति प्राप्त कर लें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परिवार अथवा पात्र व्यक्ति जनगणना की प्रक्रिया से छूटने न पाए। साथ ही जनगणना के दौरान प्राप्त सूचनाओं की शुद्धता एवं गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए।

05 से 09 जनवरी तक संचालित होगा रिवीजनल राउंड

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना के फील्ड कार्य के उपरांत ङ्ङ05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक रिवीजनल राउंडङ्ङ संचालित किया जाएगा। इस अवधि में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनगणना संबंधी विवरणों का पुनरीक्षण एवं आवश्यक अद्यतन किया जाएगा, ताकि जनसंख्या संबंधी आंकड़ों की शुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने कहा कि जनगणना का प्रत्येक चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समयसीमा तथा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को डिजिटल प्रक्रिया का दिया जाएगा व्यावहारिक प्रशिक्षण

जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल जनगणना को सफलतापूर्वक संपनन् कराने में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके दृष्टिगत सभी कार्मिकों को डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन, निर्धारित प्रशनवली, गणना खंडों में कार्य करने की प्रक्रिया तथा जनगणना संबंधी अन्य तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रत्येक विषय को गंभीरतापूर्वक समझें तथा प्रशिक्षण के दौरान अपनी शंकाओं का समाधान अवश्य कर लें, जिससे फील्ड कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई उत्पनन् न हो।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सुपरवाइजर अपने अधीनस्थ प्रगणकों के कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण करें तथा आंकड़ों के संकलन में किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति पाए जाने पर उसका समय से निराकरण सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों के संकलन का कार्य नहीं, बल्कि देश एवं जनपद के भविष्य की विकास योजनाओं के निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जनपदवासियों से जनगणना कार्य में सहयोग की अपील

जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। स्व-गणना की निर्धारित अवधि में उपलब्ध डिजिटल सुविधा का लाभ उठाएं तथा घर-घर सर्वेक्षण के दौरान आने वाले प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।उन्होंने कहा कि ङ्ङसटीक जनगणना, बेहतर विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार है।जनपद के सभी नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक सहयोग से जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपनन् कराया जाएगा।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन, प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की शत-प्रतिशत सहभागिता तथा आगामी जनगणना कार्यों की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

1200 मतदाताओं के आधार पर होगा मतदेय स्थलों का सम्भाजन, कलेक्ट्रेट में डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर : कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के सम्भाजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मान्यता प्राप्त राज्यीय एवं राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों की प्रति उपस्थित प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराते हुए सम्भाजन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर किया जाएगा। यह सम्भाजन मतदेय स्थल और उससे संबंधित निर्वाचक नामावली के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के बाद ही अंतिम रूप लेगा। इसके तहत भवन के सत्यापन के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित मतदाताओं का निवास स्थान भौतिक रूप से उस भवन के निकट ही हो। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित मतदेय स्थलों के 'अनुलगन्क-1' को आयोग के अनुमोदन हेतु भेजने पर अपनी सहमति दी। इस दौरान डीएम ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे गतिमान मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ के साथ अपने बीएलए का सक्रिय सहयोग सुनिश्चित कराएं।

प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए नागरिकों का पूरा सहयोग किया जाए तथा फॉर्म-6 भरवाकर अधिक से अधिक पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गौरव श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी बांसी विश्वामित्र सिंह, उपजिलाधिकारी इटवा, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य कारणों से सपा यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने दिया इस्तीफा

डा0 एम ए तोमर



खतौली(मुजफ्फरनग)।प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड मुजफ्फरनगर के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक गोयल ने स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है।उन्होंने जिलाध्यक्ष जिया चौधरी और यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष राशिद मलिक को इस्तीफा भेजकर स्वीकार करने का अनुरोध किया है।अभिषेक गोयल ने बताया कि 7 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना में उनके कंधे में फ्रैक्चर और पैर में गंभीर चोट आई थी। चिकित्सकों ने 40 दिन के आराम की सलाह दी थी। इसके बावजूद उन्होंने 23 अक्टूबर को एमएलसी शिक्षक-सनतक चुनाव के दौरान खतौली कैंप कार्यालय पर सुबह आठ से शाम चार बजे तक ड्यूटी निभाई।25 अक्टूबर को चिकित्सीय जांच में हड्डी पूरी तरह न जुड़ने पर डॉक्टरों ने लंबे विश्राम की सलाह दी। संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाने में असमर्थता के चलते उन्होंने इस्तीफा दिया। गोयल ने कहा कि पद पर न रहते हुए भी वह पार्टी की विचारधारा से जुड़े रहेंगे और स्वस्थ होने पर फिर पार्टी हित में कार्य करेंगे।

कूट रचित दस्तावेज तैयार कर पासपोर्ट बनवाने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस



उतरौला(बलरामपुर)- क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ के पत्र संख्या दिनांकित 24-08-2026 के संदर्भित प्रकरण में आवेदक द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के साथ अपने व्यक्तिगत विवरण में परिवर्तन करने के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक / नोडल अधिकारी पासपोर्ट जनपद बलरामपुर के आदेश के क्रम में प्रकरण की जांच उ0नि0 हीरालाल द्वारा की गयी तो ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा कूटरचित दस्तावेज के साथ अपने व्यक्तिगत विवरण में परिवर्तन करते हुए प्रथम पासपोर्ट सं0 जी 2354884 बनावाया गया तत्पश्चात पूर्व में जारी पासपोर्ट को छिपाकर नया पासपोर्ट बनवाया गया है । जाँचकर्ता उ0नि0 हीरालाल की तहरीर के आधार पर थाना को0उतरौला पर मु0अ0सं0 150/2026 धारा 318(4)/336(3) /338/340(2) बीएनएस व 12(1)(बी) पासपोर्ट अधि0 1967 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 बृजेश कुमार को सुपुर्द की गयी । दिनांक 26.10.2026 को मु0अ0सं0 150/2026 धारा 318(4)/336(3) /338/340(2) ँए व 12(1)(बी) पासपोर्ट अधि0 1967 की विवेचना से पाये गये साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अलीमुद्दीन खान पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम रसूलपुर चमरूपुर थाना को0उतरौला जनपद बलरामपु को विवेचक उ0नि बृजेश कुमार मय हमराह द्वारा गिरफ्तार किया गया । बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली ईमानदारी की शपथ

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज, 26 अक्टूबर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अवसर पर कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रधान महालेखाकार राज कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और लोकहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।समारोह में वरिष्ठ उप महालेखाकार एवं प्रशासन प्रभारी सुश्री प्रोमी, उप महालेखाकार संदीप तिवारी, रवि कथूरिया और लोकेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं निष्पक्षता से करने, भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाने तथा सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जवाबदेही, पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा की संस्कृति को मजबूत करना है।

नगर पंचायत कार्यालय बढ़नी बाजार में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस



बढ़नी, सिद्धार्थनगरः नगर पंचायत कार्यालय बढ़नी बाजार में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम के दौरान विधिवत रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को वाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के बीच मिष्ठान वितरण कराया।इस जयंती समारोह में मुख्य रूप से रिषभ मोदनवाल, रामराज कननैजिया, बृजेश अग्रहरि, राजेश्वर शाह, संतोष, सफाई नायक आज्ञाराम, चन्द्रप्रकाश, राजू वाल्मीकि, भीमसेन, जगदीश, सेवालाल, मकसूद आलम, मुमताज अली, मनोज, भगौती एवं दीपू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर दर्ज मुकदमे के खिलाफ कांग्रेसियों ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगरः जिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष क़ाज़ी सुहेल अहमद के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी और उनके परिजनों के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने तथा कथित पुलिसिया दुर्व्यवहार व एकपक्षीय कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि गत 20 अक्टूबर को बढ़नी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सत्ता पक्ष के दबाव और राजनीतिक द्वेष के चलते पुलिस ने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष व उनके परिजनों के साथ अमानवीय व्यवहार किया। नेताओं का कहना है कि बिना किसी निष्पक्ष जांच के दुर्भावनावश निदीष लोगों पर विभिनन् धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एकपक्षीय कार्रवाई की गई है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, राजनीतिक दबाव में हुई कार्रवाई की समीक्षा हो, निर्दोषों के नाम मुकदमे से हटाए जाएं और दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रशासन से कार्यकर्ताओं को राजनीतिक द्वेष व उत्पीड़न से संरक्षण देने की अपील की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभिनय राय, कृष्ण बहादुर सिंह, हेमन्त चौधरी, राजन श्रीवास्तव, अनिल सिंह अनन्, सतीश चन्द्र त्रिपाठी, शाहिद प्रधान, अश्विनी सिंह सोलंकी, अभिलाष दूबे, मोबीन खान, नन्द किशोर शुक्ल, शाहिद महबूब, राजेश सिंह, सुदामा प्रसाद, ओमप्रकाश दूबे, डॉ. प्रमोद कुमार, शौकत अली, सूर्य प्रकाश चौधरी, संतोष चौधरी और कृष्ण बिहारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस व युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तमकुही रोड स्टेशन पर ट्रेन में युवक पर फायरिंग करने वाले दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग गोरखपुर श्री लक्ष्मी निवास मिश्र (घ्झए) व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे श्री अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी गोरखपुर को बड़ी सफलता मिली है।प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अलगू यादव मय हमराह हे0का0 आशुतोष सिंह, हे0का0 सिकन्दर प्रसाद, का0 श्रीकृष्ण मौर्या व का0 अमरनाथ प्रजापति की टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन गोरखपुर के पश्चिमी छोर से 02 नफर नामजद वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

एसडीएम के तबादले के साथ ठंडे बस्ते में पड़ी नगर पालिका की जांच!

डीएम के 11 बिंदुओं पर जांच के आदेश, अब कार्रवाई का इंतजार, सरकारी कामकाज में गैर-निर्वाचित व्यक्ति की भूमिका भी जांच के दायरे में

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के कामकाज की जांच के लिए जिलाधिकारी की ओर से जारी 11 बिंदुओं के आदेश का क्या हुआ? जिस मामले में प्रशासनिक और वित्तीय कार्यप्रणाली से लेकर सरकारी निर्माण कार्य, खरीदारी आदि तक की जांच होनी थी, वह अब एसडीएम के स्थानांतरण के बाद ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। सवाल सिर्फ जांच की रफ्तार का नहीं, बल्कि उस जवाबदेही का भी है, जिस पर नगर पालिका के कामकाज की पारदर्शिता टिकी है।प्रकरण की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के कामकाज को लेकर बीते दिनों एसडीएम स्तर पर निरीक्षण की कार्रवाई हुई तो नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल तिलमिला उठी, नतीजतन अध्यक्ष की ओर से एसडीएम को ही नोटिस जारी कर दिया गया। इसके बाद मामला जिलाधिकारी तक पहुंचा और नगर पालिका परिषद से जुड़े 11 बिंदुओं पर जांच के आदेश दिए गए। जांच की प्रक्रिया भी शुरू हुई, लेकिन एसडीएम के स्थानांतरण के बाद इसकी मौजूदा स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या अधिकारी बदलने के साथ ही जांच की प्राथमिकता भी बदल गई?

वित्तीय अनियमितताओं से आगे गैर-निर्वाचित व्यक्ति की भूमिका पर भी उठे सवाल

इस पूरे प्रकरण का एक अहम पहलू नगर पालिका के प्रशासनिक कामकाज में गैर-निर्वाचित व्यक्ति (अध्यक्ष पति) की कथित भूमिका है। राकेश जायसवाल की सरकारी निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान मौजूदगी, अधिकारियों के साथ बैठकों में भागीदारी और नगर पालिका कार्यालय में बैठने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि ये गतिविधियां नियमित रूप से हो रही हैं, तो यह जानना भी जरूरी है कि राकेश जायसवाल को ऐसी भूमिका निभाने का अधिकार किस वैधानिक प्रावधान, लिखित आदेश या अधिकृत व्यवस्था के तहत दिया गया है। कहना ना होगा कि नगर पालिका का संचालन निर्वाचित अध्यक्ष, सभासदों और नियमानुसार नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के माध्यम से होता है। ऐसे में किसी गैर-निर्वाचित व्यक्ति व अध्यक्ष पति राकेश जायसवाल की प्रशासनिक गतिविधियों में भूमिका यदि सामान्य सहभागिता से आगे बढ़कर निणर्यों या सरकारी कार्यों को प्रभावित करने तक पहुंचती है, तो उसकी वैधानिकता की जांच जरूरी हो जाती है। यह जांच का विषय है, न कि बिना पड़ताल किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का आधार।

डीएम के आदेश पर जांच शुरू, फिर आगे क्या हुआ?

नगर पालिका परिषद कुशीनगर के खिलाफ जिलाधिकारी की ओर से 11 बिंदुओं पर जांच के आदेश दिया जाना इस बात का संकेत है कि प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता से लिया गया था। जांच में वित्तीय मामलों और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के अलावा बिजली सामग्रियों की खरीदारी में गोलमाल, नगर पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था, कार्यों के संचालन और गैर-निर्वाचित व्यक्ति की भूमिका जैसे पहलुओं को भी स्पष्ट किया जाना शामिल है। किन्तु अफसोस जांच शुरू होने के बाद अब निष्कर्ष सामने नहीं आना कई सवाल खड़ा कर रहा है। क्या सभी 11 बिंदुओं पर जांच पूरी हुई? क्या संबंधित अभिलेखों की पड़ताल की गई? क्या अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए? क्या गैर-निर्वाचित व्यक्ति की भूमिका के संबंध में कोई रिपोर्ट तैयार हुई? और यदि जांच अधूरी है, तो उसे पूरा कराने की जिम्मेदारी अब किस अधिकारी के पास है?

इन सवालों का जवाब सार्वजनिक होना जरूरी , ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जिलाधिकारी के आदेश पर शुरू हुई जांच महज औपचारिकता बनकर रह गई है

अधिकारी बदले तो क्या जांच भी बदल जाएगी?

जानकारो का कहना है कि किसी अधिकारी का स्थानांतरण प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन उसके साथ किसी महत्वपूर्ण जांच का ठहर जाना उचित नहीं माना जा सकता। यदि जांच अधिकारी के स्थानांतरण से प्रक्रिया प्रभावित हुई है, तो प्रशासन को नए सिरे से जिम्मेदारी तय कर जांच पूरी करानी चाहिए। खासकर तब, जब मामला नगर पालिका की वित्तीय व्यवस्था, सरकारी निर्माण कार्यों और प्रशासनिक कामकाज की पारदर्शिता से जुड़ा हो। अब देखना दिलचस्प होगा कि जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के खिलाफ 11 बिंदुओं पर शुरू की गयी जांच को गति मिलेगी? नगर पालिका के वित्तीय और निर्माण संबंधी मामलों के साथ-साथ राकेश जायसवाल की कथित प्रशासनिक भूमिका का वैधानिक आधार की फाइल, फाइलों मे दबकर धूल फाकते रह जायेगी।

सपा कार्यालय पर मनाई गई महर्षि वाल्मीकि व शिरोमणि नामदेव की जयंती : शावेज़ नक़वी

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। सोमवार को सपा कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि एवं पिछड़े , दलितों,गरीबों को जागृत करने वाले संत शिरोमणि नामदेव की जयंती के अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों के साथ दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी को संस्कृत साहित्य का आदि कवि और विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य रामायण का



रचयिता माना जाता है। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं सपा जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप शाक्य बबलू ने पिछड़ों, दलितों गरीबों जागृत करने वाले संत शिरोमणि नामदेव जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि भारत वर्ष ऋषि मुनियों और संतों तथा महापुरुषों का देश है, भारत की भूमि पर अनेक महावीर और पराक्रमी विद्वानों ने जन्म लेकर भारत की भूमि को गौरवान्वित किया है, भारत की पवित्र भूमि पर अनेक विद्वान हुए है उनमें से एक महर्षि वाल्मीकि जी भी है उन्होंने वाल्मीकि जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला, और सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। विचार गोष्ठी में सपा प्रदेश सचिव के. पी. शाक्य, सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, उदयभान सिंह यादव , लाखन सिंह जाटव, बृजमोहन सिंह राजपूत, सपा जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, सपा जिला सचिव संगीता राजपूत, प्रदीप सोनी, प्रवीण कुशवाहा, मनोज राणा, संतोष राठौर, नम्रता दोहरी, अवनीश वाल्मीकि, अरविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने कुछ ही घंटों में किया खुलासा,पिता की हत्या के मामले में नाबालिग बेटी और प्रेमी गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। अज्ञात हत्या की घटना का महज कुछ घण्टों में सफल अनावरण किया गया। आपराधिक षडयंत्र रचकर पिता की हत्या करने वाली नाबालिग बेटी व उसके प्रेमी (सह-अभियुक्त) को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया कब्जे से 1 सिल का बट्टा (घटना में प्रयुक्त), 1 चाकू, रक्त रंजित कपड़े बरामद किये गये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती बबिता सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश सिंह के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस व थाना सिविल लाइन पु?लिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गयी वादिनी काजल पतने अजय कठेरिया निवासी ग्राम भीकनपुर थाना जसवंतनगर



जनपद इटावा द्वारा थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी गयी कि उसके पिता श्यामसुन्दर कठेरिया एवं बहन पूजा टीबीटी अस्पताल, काशीराम कॉलोनी, में रहते थे। पिछले 2-3 दिनों से उनका अपने पिता एवं बहन से संपर्क नहीं हो पा रहा था। जब मैं अपने ससुर के साथ उक्त कमरे पर पहुँचीं तो देखा कि मेरे पिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया तथा वादिनी की बहन पूजा लापता है थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत हत्या की घटना कारित करने वाला अभियुक्त ग्राम सराय एसर में है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये विधि का उल्लंघन करने वाली बालिका व उसके प्रेमी अभिलाष सिंह उर्फ छोटू उर्फ माचो पुत्र सोबरन सिंह को ग्राम सराय एसर चेकरोड के पास से गिरफ्तार किया गया ।पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्ता (नाबालिग) व उसके प्रेमी (सह-अभियुक्त) द्वारा बताया कि हम दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे जिसका पता मेरे पिता को चला तो उन्होने उसका विरोध किया और मेरे साथ मारपीट की। मैं अपने प्रेमी अभिलाष सिंह उर्फ छोटू उर्फ माचो के साथ रहना चाहती थी मैंने अपने प्रेमी के साथ मिलकर योजना बनाकर पिता को चाय में नींद की गोली देकर सुला दिया उसके बाद मैनें व मेरे प्रेमी ने मिलकर अपने पिता को चारपाई से बांध दिया और सिलबट्टे से प्रहार करके हत्या कर दी । तत्पश्चात साक्ष्य छुपाने के लिए शव को कबंल में लपेट कर बक्से में छिपा दिया तथा पिता के मोबाइल को जिससे अपने प्रेमी से बात-चीत करती थी उसको नाले में फेंक दिया ।पुलिस टीम प्रभारी एसओजी/सर्विलांस द्वितीय टीम प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्रा थाना सिविल लाइन मय टीम गिरफ्तार किया गया।

लालपुरा जैन मंदिर में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया मुनि विशल्यसागर महाराज का दीक्षा दिवस

विधायक सरिता भदौरिया ने किया चित्र अनावरण, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। शहर के लालपुरा स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सराक केसरी संबुद्ध श्रमण मुनि श्री 108 विशल्यसागर महाराज का दीक्षा दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। स्वर्णिम वर्षायोग श्री दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन और मुनिश्री का पूजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

विधायक सरिता भदौरिया, जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार, सुबोध जैन चनने और कमेटी के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया। मुनिश्री के चरण प्रक्षालन का सौभाग्य बाहर से आए बारसोई बिहार परिवार को तथा शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य वर्षायोग समिति के पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य के साथ मुनिश्री का पूजन किया।

प्रवचनों में दिया धर्म और आत्मकल्याण का संदेशमुनि श्री विशल्यसागर महाराज ने अपने प्रवचन में धर्म, संयम और आत्मकल्याण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने जीवन में सदाचार और आत्मशुद्धि अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर वर्षायोग समिति के अध्यक्ष संजू जैन, महामंत्री बंटी जैन बनारस और कोषाध्यक्ष रीतेश जैन ने विधायक सरिता भदौरिया को पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वारसोई बिहार, दिल्ली और पोरसा सहित विभिनन्-स्थानों से श्रद्धालु पहुंचे। स्वर्णिम वर्षायोग श्री दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के पदाधिकारी विवेक जैन, दिलीप जैन, विशाल जैन मेडिकल,शुभम जैन और मोहित जैन सहित महिला मंडल तथा सुंदर सागर लोकसभा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजन को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल रहा।

मैदानी रामलीला मंच पर श्रीकृष्ण जन्म लीला का भावपूर्ण मंचन

वृंदावन की रासलीला मंडली ने भक्तिरस में सराबोर किए श्रद्धालु, देर रात तक गूंजे जयकारे

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर/इटावा। नगर की ऐतिहासिक मैदानी रामलीला के लंका मंच पर रविवार देर शाम भगवान श्रीकृष्ण जन्म लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। रात नौ बजे वृंदावन से आई रासलीला मंडली रंगरसिया के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़े प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कलाकारों के अभिनय और संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। रासलीला मंडली के संचालक अवधेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में कलाकारों ने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंगों का आकर्षक मंचन किया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीला के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए और देर रात तक लीला का आनंद लेते रहे।पुराणों में रासलीला को भक्ति का माध्यम बताया।धार्मिक मान्यताओं और पुराणों के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रेम, भक्ति और ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश देती हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध में वर्णित रासपंचाध्यायी में श्रीकृष्ण की रासलीला का विस्तार से वर्णन मिलता है। रासलीला को जीवात्मा और परमात्मा के आध्यात्मिक प्रेम तथा अनन्य भक्ति के प्रतीक के रूप में



समझा जाता है। यह संदेश भी मिलता है कि सच्ची भक्ति में अहंकार का त्याग और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण महत्वपूर्ण है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अन्याय और अत्याचार के अंत तथा धर्म की स्थापना का प्रतीक माना जाता है। ऐसे धार्मिक मंचनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, पौराणिक प्रसंगों और धार्मिक परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिलता है। श्री रामलीला महोत्सव समिति के प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता और उप प्रबंधक ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर व शुभश्री गुप्ता के दिशा-निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मैदानी रामलीला में रामकथा के साथ श्रीकृष्ण की लीलाओं का आयोजन नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

चौधरी फैमिली रेस्टोरेंट एंड ढाबा का भव्य शुभारंभ, गणमान्य लोग रहे मौजूद

प्रातः काल एक्सप्रेस



इकदिल (इटावा)। ग्राम पंचायत बिरारी में एनएच-19 कानपुर रोड स्थित चौधरी फैमिली रेस्टोरेंट एंड ढाबा का सोमवार को विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन एडवोकेट सुमित चौधरी के ताऊ विजय बहादुर चौधरी एवं विजय रानी चौधरी ने किया।शुभारंभ समारोह में नगर पंचायत इकदिल के चेयरमैन अभिषेक गोयल, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व पत्रकार स्वाती सिंह विक्की कठेरिया, रोहित यादव, विपिन गौतम और राजकुमार गौतम सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं। रेस्टोरेंट का उद्देश्य क्षेत्रीय लोगों और राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को बेहतर खानपान के साथ पारिवारिक माहौल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर एडवोकेट सुमित चौधरी ने सभी अतिथियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

जिला होम्योपैथिक अधिकारी पर 15 हजार रुपये वसूली का आरोप,फुटेज सामने आने से मचा हड़कंप

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने एफआईआर और संपत्ति की जांच की मांग की

प्रातः काल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। जिले में जिला होम्योपैथिक अधिकारी अक्षय कात्यान पर मेडिकल स्टोर संचालक से कथित रूप से 15 हजार रुपये की जबरन वसूली करने का गंभीर आरोप लगा है।मामले से जुड़ा कथित फुटेज सामने आने के बाद प्रकरण चर्चा में है। शिकायतकर्ता ने अधिकारी पर डराने-धमकाने और जेल भेजने की धमकी देकर रुपये लेने का आरोप लगाया है।हालांकि आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।निकुंज मेडिसिन हब के संचालक सुधीर यादव के अनुसार जिला होम्योपैथिक अधिकारी उनके मेडिकल स्टोर पर पहुंचे थे।आरोप है कि इस दौरान उन्हें डराया-धमकाया गया और जेल भेजने की धमकी देकर 15 हजार रुपये लिए गए। शिकायतकर्ता ने मामले को गंभीर बताते हुए मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से संपर्क किया और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने मामले में प्रशासन और प्रदेश सरकार से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरोपों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और यदि अधिकारी दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।सुभाष चौहान ने संबंधित अधिकारी की संपत्ति की भी जांच कराने की मांग उठाई है।उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए,ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। फिलहाल, मामले में संबंधित अधिकारी का पक्ष और प्रशासनिक स्तर पर जांच की स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

शरद पूर्णिमा पर दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित,भंडारे में उमड़े भक्त

प्रातः काल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां शाकंभरी देवी सेवा संस्थान की अध्यक्ष राधा माताजी के नेतृत्व में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई।इस अवसर पर बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ की जिला संयोजक नीरज गौतम मुख्य यजमान रहीं।भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना,यज्ञ और आरती की। ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपनन्कराए।धार्मिक आयोजन के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।इसके बाद भक्तों ने भजन-कीर्तन कर मां दुर्गा का गुणगान किया और सुख-समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में देवयानी शर्मा सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।धार्मिक अनुष्ठान में पंडित गणेश गौड़ ने आचार्य की भूमिका निभाई।पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

जनगणना-2027 की तैयारियां तेज ,प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना को लेकर जनपद के तहसील एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी गम्भीर सिंह ने विभिनन्-प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जिला जनगणना अधिकारी ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण गंभीरता से प्राप्त करने तथा जनगणना संबंधी प्रक्रियाओं और दायित्वों की पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है इसलिए आंकड़ों का संकलन सटीक और त्रुटिरहित होना चाहिए।प्रशिक्षण के लिए तहसील सदर,खतौली,बुढ़ाना और जानसठ के साथ नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर,खतौली तथा विभिनन् नगर पंचायतों में केंद्र बनाए गए है।गम्भीर सिंह ने अधिकारियों को प्रशिक्षण केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने, कार्मिकों की नियमित उपस्थिति और प्रशिक्षण की निगरानी के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



महर्षि बाल्मीकि जयंती पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

यज्ञ में आहुति देकर किया नमन,पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल सहित गणमान्य लोग रहे मौजूद

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने महर्षि बाल्मीकि को श्रद्धांजलि अर्पित की और यज्ञ में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की।इस दौरान उन्होंने महर्षि बाल्मीकि के जीवन और विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल ने भी महर्षि बाल्मीकि के आदर्शों का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम में भाजपा नेता श्रीमोहन तायल,मनुप्रिय मजदूर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।सभी ने महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



आदिकवि वाल्मीकि जयंती पर सम्मान समारोह व पुस्तक विमोचन संपन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में साहित्य दीप संस्थान व साहित्यिक प्रकोष्ठ बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को सम्मान समारोह एवं 'सोन काव्यांजलि' द्वितीय संस्करण का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कथाकार रामनाथ शिवेन्द्र ने की, जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि डॉ. लोकपति सिंह पटेल रहे। आदिकवि वाल्मीकि एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों और साहित्यकारों का अंगवस्त्र, लेखनी और माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इसके बाद संयुक्त कविता संकलन का विमोचन हुआ।इस अवसर पर अजय चतुर्वेदी कक्का, दिवाकर द्विवेदी मेघ, शिवदास कवि, विकास वर्मा, राजेश कुमार पाठक, प्रद्युमन् त्रिपाठी, दयानंद दयालू, सुधाकर स्वदेश प्रेम, सुशील मिश्रा सहित कई अधिवक्ता व साहित्यकार मौजूद रहे। संचालन अशोक तिवारी एडवोकेट ने किया।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अर्जुन दास केसरी के निधन की सूचना पर काव्यांजलि कार्यक्रम स्थगित कर शोक प्रस्ताव पारित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

युवा नीति संवाद में उठीं ग्रामीण युवाओं की समस्याएं, खेल मैदान और कौशल विकास पर जोर

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। चरथावल स्थित नालंदा पब्लिक स्कूल में हाउस ऑफ पॉलिटिकल एंपावरमेंट रिसर्च एंड इनोवेशन फाउंडेशन (होप) की ओर से आयोजित युवा नीति संवाद में 500 से अधिक युवाओं ने भाग लेकर शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और खेल सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और प्रस्तावित उत्तर



प्रदेश राज्य युवा आयोग को लेकर मंथन हुआ। ग्रामीण युवाओं ने खेल मैदानों, रोजगार के अवसर और निजी शिक्षण संस्थानों में अभिभावकों के हितों की सुरक्षा पर जोर दिया। होप के संस्थापक एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. दिग्विजय सिंह ने कहा कि युवा राज्य की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रदेश के विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए उनकी आकांक्षाओं को समझना जरूरी है। समाजसेवी विचित्र त्यागी ने कहा कि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। रवि बालियान ने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को संसाधन देने की बात कही। एडवोकेट गोपालचंद शर्मा ने युवा आयोग को महत्वपूर्ण पहल बताया और तकनीक के सदुपयोग पर जोर दिया। कक्षा 10 के छात्र आरव त्यागी और देव धारीवाल ने सुरक्षित वातावरण और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदानों की मांग उठाई। होप संस्था 15 से 20 ऐसे संवाद और आयोजित कर युवाओं की आवाज शासन तक पहुंचाएगी।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर डॉ. रघुवीर चौधरी ने किया शुभारंभ, बोले–महर्षि वाल्मीकि के जीवन से लें प्रेरणा

रानीपुर में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती, रामायण की रचना और उनके कठिन तप को किया याद

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत रानीपुर में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता के रूप में समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रघुवीर चौधरी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके संघर्ष, तपस्या और साहित्यिक योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।



डॉ. रघुवीर चौधरी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन प्रत्येक मनुष्य के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कठिन तपस्या और साधना के बल पर रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना की, जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का वर्णन मिलता है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने ज्ञान और विचारों से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि दृढ़ संकल्प, परिश्रम और साधना के माध्यम से व्यक्ति महान उपलब्धियां हासिल कर सकता है।उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की जयंती केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का भी दिन है। समाज को उनके बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, सद्भाव, समानता और आपसी भाईचारे को मजबूत करना चाहिए।

कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन मलखान चौधरी, रामबाबू बरार जिला सचिव अंबेडकर वाहिनी, रोहित वर्मा, धर्मेंद्र बरार, छेदीलाल वाल्मीकि, बालू ठेकेदार वाल्मीकि, संजीदे वाल्मीकि, पार्षद रविंद्र वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, अनु वाल्मीकि सहित विकास, वीरू, शिवा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

गोवंश की सेहत से समझौता नहीं, एक माह में सुधार का अल्टीमेटम

चाऊपुर गो आश्रय स्थल में कमजोर मिले गोवंश तो सख्त हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह, सचिव पर कार्रवाई और बीडीओ का वेतन रोकने के निर्देश

डॉ0 रईस अहमद उस्मानी
प्रातःकाल एक्सप्रेस



लखीमपुर खीरी, 26 अक्टूबर। गोवंश का संरक्षण केवल संख्या तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी सेहत और समुचित देखभाल भी प्रशासन की प्राथमिकता है। गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाओं की हकीकत परखने निकले डीएम अंजनी कुमार सिंह को सोमवार को तहसील सदर, नकहा ब्लॉक के चाऊपुर गो आश्रय स्थल में कई गोवंश कमजोर मिले। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि एक माह के भीतर गोवंश के स्वास्थ्य में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। साथ ही चेताया कि एक माह बाद वह स्वयं दोबारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और सुधार की स्थिति परखेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से सीवीओ डॉ दिनेश कुमार सचान मौजूद रहे।

530 गोवंश संरक्षित, भूसा-दाना की उपलब्धता भी परखी

तहसील लखीमपुर के अंतर्गत चाऊपुर गो आश्रय स्थल के औचक निरीक्षण के दौरान कुल 530 गोवंश संरक्षित मिले। इनमें 297 नर और 233 मादा गोवंश शामिल हैं। डीएम ने गोवंश की देखभाल, चारे की उपलब्धता और प्रबंधन व्यवस्था का जायजा लेने के साथ विभिन्न पंजिकाओं का भी अवलोकन किया। मौके पर 131 कुंतल भूसा और 12 कुंतल दाना उपलब्ध मिला। आश्रय स्थल पर दिन की ड्यूटी हेतु 10 तथा चार रात्रि के लिए केयरटेकर कार्यरत है।

कमजोर गोवंश के स्वास्थ्य में सुधार पर जोर

निरीक्षण के दौरान कमजोर गोवंश मिलने पर डीएम ने क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी को उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश को पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। एक माह बाद होने वाले पुनः निरीक्षण में सुधार की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

निगरानी में लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही

गो आश्रय स्थल के पर्यवेक्षण में शिथिलता मिलने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव मेहुल कुमार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि बीडीओ नकहा संगीता यादव का वेतन रोकने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि गोवंश संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष कुमार, ग्राम पंचायत के प्रशासक प्रतिनिधि तथा गो आश्रय स्थल के केयरटेकर मौजूद रहे।

समाजसेवी अशोक राय को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। देश की राजधानी नई दिल्ली में 25 अक्टूबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ , वृन्दावन धाम, मथुरा द्वारा नई दिल्ली के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्वत जनों को मेडल , प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर डॉक्टरेट की मानद उपाधि (विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान) से सम्मानित किया गया। हिन्दी संगोष्ठी एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार के मुख्य आतिथ्य, विद्यापीठ के कुलपति डॉ.



इंदुभूषण मिश्र देवेन्दु की अध्यक्षता , मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ के सुभारती विश्विद्यालय, मेरठ के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह एवं अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ ,उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया ।देश के विभिन्न प्रान्तों से आए हुए विद्वत जनों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 343(1) के तहत हिन्दी को भारत की राजभाषा का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। संस्था के कुलपति डॉ. इन्दु भूषण मिश्रा ने बताया कि पं.दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का यह सम्मान हिन्दी लेखन , शिक्षा के उनन्यन , पर्यावरण जागरूकता , चिकित्सा सेवा , विधि सहायता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मानित जनों की विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाता है । जिसमें झांसी के वरिष्ठ समाजसेवी तथा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय हैहय कलचुरी महासभा व चेयरमैन आसरा ग्रुप, संचालक हवाना रेस्टो अशोक राय को कृषि एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि (विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान) से सम्मानित किया गया।समारोह का संचालन कशिश चावला ने किया ।

एमएलसी मतगणना को लेकर अधिकारियों ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। इलाहाबाद-झांसी सनतक निर्वाचन क्षेत्र की विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की मतगणना को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी गौरांग राठी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज (बीकेडी) मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना के दृष्टिगत अधिकारियों ने मतगणना स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के निर्देशन में मतगणना स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सहित सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है, ताकि मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

सहायक निदेशक सूचना की माता जी का 77 वर्ष की आयु में निधन

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी सहायक निदेशक सूचना, जिला सूचना कार्यालय, झांसी सुरजीत सिंह की माताजी श्रीमती अंगूरी देवी जी का 77 वर्ष की आयु में आज सुबह झांसी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम नगला पौपा तहसील सासनी, जिला हाथरस, उ0प्र0 में किया जाएगा। इस अवसर पर मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा शोक संवेदनायें व्यक्त की गयीं तथा जिला सूचना कार्यालय के कार्मिकों द्वारा कार्यालय में उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं परिवार को अपूरणीय क्षति सहन करने हेतु शोकसभा भी आयोजित की गयी।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्त को चार माह का कठोर कारावास

जीआरपी झांसी की प्रभावी पैरवी से एसीजेएम रेलवे न्यायालय ने सुनाई सजा, पांच हजार रुपये का अर्थदंड

प्रातः काल एक्सप्रेस



श्री सन्तोष कुमार यादव एपीओ



श्री लल्लूराम प्र0नि0 थाना जीआरपी झाँसी



का0 श्री संदीप यादव पैरोकार थाना जीआरपी झाँसी

झांसी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत जीआरपी झांसी की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप एक अभियुक्त को न्यायालय ने चार माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना जीआरपी झांसी के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में मामले की प्रभावी पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष के सहयोग एवं संबंधित अधिकारियों के समन्वय से माननीय एसीजेएम रेलवे न्यायालय झांसी ने चिन्हित अभियोग में अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए दंडित किया।

जानकारी के अनुसार, वाद संख्या 6514/26, मु0अ0सं0 418/25, धारा 305(सी) एवं 317(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को चार माह के कठोर कारावास तथा पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर पांच दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा।

इस मामले में प्रभावी पैरवी करने वालों में प्रभारी निरीक्षक लल्लूराम, कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल मोहित साहू तथा पैरोकार कांस्टेबल संदीप कुमार, थाना जीआरपी झांसी, अनुभाग झांसी शामिल रहे।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस द्वारा मामलों की प्रभावी पैरवी कर दोषियों को न्यायालय से सजा दिलाने की कार्रवाई की जा रही है।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली की तैयारियों को लेकर प्रदीप जैन आदित्य को त्रिपुरा का केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। दिल्ली के रामलीला मैदान में आगामी एक नवंबर को आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान की विशाल रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन आदित्य को त्रिपुरा का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस जिम्मेदारी के तहत वह त्रिपुरा में रैली की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का कार्य करेंगे।इस संबंध में जानकारी देते हुए बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को विशाल रैली आयोजित की जाएगी। रैली के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों, मताधिकार की रक्षा और देश के नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि एआईसीसी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को त्रिपुरा का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाना उनके संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के प्रति समर्पण को दर्शाता है। नियुक्ति के बाद प्रदीप जैन आदित्य त्रिपुरा के लिए रवाना हो गए हैं। वहां वह पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर रैली की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे तथा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस रैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां कर रही है। पार्टी का



उद्देश्य अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि अभियान के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सके।

प्रदीप जैन आदित्य को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से बुंदेलखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि उनके अनुभव और सक्रिय भूमिका से त्रिपुरा में अभियान की तैयारियों को मजबूती मिलेगी और एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने में योगदान प्राप्त होगा।

पुलिस की वर्दी के साथ बढ़ी संविधान और समाज की रक्षा की जिम्मेदारी : प्रो. सुनील कविया

भगत सिंह फिजिकल अकादमी के 128 चयनित अभ्यथिर्यों का सम्मान, मेहनत और अनुशासन को बताया सफलता का आधार

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा और समाज की सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। पुलिस सेवा में चयनित युवाओं को ईमानदारी, संवेदनशीलता और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। यह बात बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. मेजर सुनील कविया ने भगत सिंह फिजिकल अकादमी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही।

झांसी के हाथी ग्राउंड में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में चयनित अकादमी के 128 अभ्यथिर्यों को सम्मानित किया गया। अकादमी ने इस भर्ती में बुंदेलखंड क्षेत्र में सर्वाधिक चयन कराने का दावा किया है।

मुख्य अतिथि प्रो. मेजर सुनील कविया ने चयनित अभ्यथिर्यों को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस सेवा में चयन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति नई जिम्मेदारियों की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों का आचरण ऐसा होना चाहिए, जिससे आम नागरिकों का कानून और पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हो। उन्होंने युवाओं से संविधान के मूल्यों का सम्मान करते हुए निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

अकादमी के निदेशक एवं कोच शिवी फौजी ने कहा कि कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी है। चयनित 128 अभ्यथिर्यों ने अपनी मेहनत से न केवल अपने परिवार, बल्कि अकादमी और पूरे बुंदेलखंड का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि अकादमी में उत्तर प्रदेश पुलिस, सेना, नौसेना, वायुसेना और एसएससी जीडी सहित विभिन्न सुरक्षा सेवाओं में भर्ती के लिए शारीरिक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाता है।

समारोह के दौरान चयनित अभ्यथिर्यों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों, प्रशिक्षकों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर चयनित युवाओं की सफलता पर खुशी जताई। कार्यक्रम का समापन सभी अभ्यथिर्यों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं क साथ हुआ।

एमएलसी मतगणना की तैयारियां पूरी, बीकेडी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

27 अक्टूबर को सुबह छह बजे पहुंचेंगे मतगणना कार्मिक, 14 टेबलों पर होगी मतगणना

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। इलाहाबाद-झांसी खंड सनतक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की मतगणना को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार, 27 अक्टूबर को बुंदेलखंड महाविद्यालय (बीकेडी) में मतगणना कराई जाएगी। मतगणना की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

सोमवार को बुंदेलखंड महाविद्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर एवं मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना सुपरवाइजर और गणना सहायकों को प्रशिक्षण देते हुए निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी पूरी सतर्कता और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतगणना निर्वाचन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए। गणना एजेंटों की संतुष्टि के लिए मतपत्रों की जांच और आवश्यकतानुसार पुनर्गणना भी सुनिश्चित की जाए।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि मतगणना में रिजर्व सहित कुल 270 कार्मिक लगाए गए हैं। मतगणना 14 टेबलों पर तीन पालियों में संपन्न होगी। प्रत्येक टेबल पर चार मतगणना कार्मिक तैनात रहेंगे। उन्होंने कर्मचारियों को सभी प्रारूपों की जानकारी रखने और आवश्यक हस्ताक्षर समय से कराने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले मतगणना कार्मिकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।मतगणना कार्मिकों को 27 अक्टूबर को सुबह छह बजे मतगणना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर बीकेडी परिसर में कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे परिसर को नो स्मोकिंग जोन घोषित करते हुए ज्वलनशील एवं प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए है।

वेटरन टी-20 चैंपियनशिप के लिए झांसी की टीम घोषित, सार्थक शुक्ला को कप्तानी

27 अक्टूबर को महोबा के खिलाफ खेलेगी पहला मुकाबला, टीम में बल्लेबाजों, तेज गेंदबाजों, स्पिनरों और ऑलराउंडर्स का संतुलित मिश्रण

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। डॉ. गौरहरि सिंघानिया यूपी इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 वेटरन्स क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए झांसी वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन की टीम फाइनल ट्रायल के बाद घोषित कर दी गई है। चयनित टीम आगामी 27 अक्टूबर को महोबा के खिलाफ अपना पहला



मुकाबला जी.आई.सी.मैदान पर प्रातः 10.30 बजे से खेलेगी। प्रतियोगिता के अन्य मैचों के लिए प्रदर्शन और जरूरत के अनुसार टीम में बदलाव भी किए जाएंगे।

चयनकर्ता सुनील शर्मा एवं बृजेंद्र यादव ने बताया कि टीम का चयन खिलाड़ियों के प्रदर्शन और उनकी क्षमता को ध्यान में रखकर किया गया है। टीम में बल्लेबाजों, तेज गेंदबाजों, स्पिनरों और ऑलराउंडर्स का संतुलित मिश्रण रखा गया है, जिससे टीम को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी आपसी तालमेल और बेहतर प्रदर्शन के दम पर प्रतियोगिता में झांसी का नाम रोशन करेंगे।टीम की कमान सार्थक शुक्ला को सौंपी गई है, जबकि मुदस्सर खान उपकप्तान होंगे। टीम में सरफराज, कुणाल गोस्वामी, हरजीत सिंह, विवेक तिवारी, प्रभात यादव (विकेटकीपर), मोहम्मद जैद, सतीश चंद, विवेक मिश्रा, महेंद्र सिंह यादव, नीरज भटनागर, मोहम्मद वकील खान, अभिषेक दुबे,आरिफ,अभिषेक ओझा को शामिल किया गया है।जबकि स्टैंडबाई में मोहम्मद इसरार, दीपक श्रीवास्तव और हफीज खान।

झांसी वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद मेहरोत्रा ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

मतदेय स्थलों पर 1200 मतदाताओं के मानक पर समायोजन, दलों ने जताई संतुष्टि



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय सभागार में मतदेय स्थलों के युक्तियुक्तकरण और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनैतिक दलों के साथ बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की संख्या निर्धारित की गई है। मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी न तय करनी पड़े और सभी बूथ भूतल पर हों, इसका ध्यान रखा गया है। प्रस्तावित परिवर्तन और समायोजन पर सभी राजनैतिक दलों ने सहमति प्रकट की।

उन्होंने सभी दलों से अपील की कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं का फॉर्म-6 भरवाना सुनिश्चित करें। 1 जनवरी 2027 के अलावा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। विशेष रूप से 18-19 आयु वर्ग, महिलाओं, दिव्यांगजनों और कमजोर वर्गों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा। जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है, जिसका अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सपा से अब्दुल गफूर, भाजपा से योग चुग, विपिन चौधरी सहित अन्य दल प्रतिनिधि मौजूद रहे।

थाना देवबन्द पुलिस द्वारा बलवे के मुकदमें में वांछित 15 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। को वादी उ0नि0 प्रमोद कुमार द्वारा एक लिखित तहरीर दी कि अभियुक्तगण प्रथम पक्ष के 1. वकील पुत्र जाहिद 2. शहजाद पुत्र सगीर अहमद 3. शहनवाज पुत्र जमील 4. जैद पुत्र फुरकान 5. आशिफ पुत्र जाहिद 6. नफीश पुत्र बसीर 7. सालिक पुत्र भूरा 8. साकिब पुत्र जमीर 9. गुलफान अहमद पुत्र शरीफ अहमद 10. शारूख पुत्र मुतिन्याज 11. कुशनूर पुत्र शमशाद 12. जुनैद पुत्र शमशाद 13. सुहैल पुत्र आशिफ निवासी गण ग्राम सांखन कला थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर व अन्य अज्ञात तथा द्वितीय पक्ष के 1. भाविश पुत्र सतीश कुमार 2. सतीश पुत्र बारू 3. शुभम पुत्र महावीर 4. रोबिन पुत्र ऋषि सिंह 5. हिमान्शू पुत्र प्रदीप 6. कपिल पुत्र मुनन लाल अन्य अज्ञात निवासी गण ग्राम सांखन कला थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा एक दूसरे पर अपने -अपने हाथो में लिए लाठी डन्डो व ईट/पत्थर आदि से एक दूसरे पर वार कर रहे थे तथा एक दूसरे पर निशाना साध कर पत्थर मार रहे थे जिस से गाँव में अफरा तफरी व भय का माहोल पैदा हो गया लोग अपनी जान बचाने को लेकर इधर उधर भाग रहे थे तथा लोगो ने भय के कारण अपने - अपने घरो के दरवाजे बन्द कर लिए गये । उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मु0अ0सं0 -0745/2026 धारा 191(1) /191(2)/115(2)/352/351(3) बीएनएस एवं 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया । पुलिस कार्यवाहीः-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक देवबन्द सन्दीप बालियान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. वकील पुत्र जाहिद 2. शहजाद पुत्र सगीर अहमद 3. शहनवाज पुत्र जमील 4. जैद पुत्र फुरकान 5. आशिफ पुत्र जाहिद 6. नफीश पुत्र बसीर 7. सालिक पुत्र भूरा 8. साकिब पुत्र जमीर 9. गुलफान अहमद पुत्र शरीफ अहमद 10. शारूख पुत्र मुतिन्याज 11. कुशनूर पुत्र शमशाद 12. जुनैद पुत्र शमशाद 13. सुहैल पुत्र आशिफ निवासी गण ग्राम सांखन कला थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर तथा 14. भाविश पुत्र सतीश 15. सतीश पुत्र बारू निवासीगण ग्राम सांखन कला थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर को साखन कला वाले रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

ऑपरेशन क्लीन के तहत बिहारीगढ़ थाने में खड़े 19 वाहनों की नीलामी, 91 हजार का राजस्व प्राप्त



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में माल निस्तारण के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत थाना बिहारीगढ़ परिसर में खड़े 19 मुकदमाती/लावारिस वाहनों की नीलामी कराई गई। पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बेहट के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी बेहट, तहसीलदार, सहायक संभागीय अधिकारी और थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार की मौजूदगी में न्यायालय के आदेश पर नीलामी हुई। आरटीओ कार्यालय द्वारा वाहनों का मूल्यांकन 50,800 रुपये किया गया था। नीलामी में 46 बोलीदाताओं ने भाग लिया। ननौता निवासी नौशाद पुत्र कालू ने सबसे ऊंची 91,000 रुपये (जीएसटी सहित) की बोली लगाई, जिनके हक में 19 दोपहिया वाहनों की नीलामी छोड़ी गई। नीलामी टीम में क्षेत्राधिकारी शशि प्रकाश शर्मा, तहसीलदार विजय सिंह, एआरटीओ, थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार और एचएम टीसी सिरोही शामिल रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत मंडी पुलिस ने गुमशुदा 5 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना मंडी की मिशन शक्ति / एंटी रोमियो टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 5 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। सोमवार को टोपी सराय निवासी नसीम पुत्र खलीलउर्रहमान ने थाना मंडी में सूचना दी कि उनका 5 वर्षीय बेटा इस्माइल घर से कहीं चला गया है और काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में मंडी टीम ने त्वरित कार्रवाई कर बच्चे को बरामद किया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

चिलकाना में बिजली आपूर्ति सुधारने की तैयारी, नया फीडर स्थापित होने से मिलेगी राहत

पिलखनी से चिलकाना बिजलीघर तक नई लाइन बिछाने का काम अंतिम चरण में, कस्बे में बनेंगे चार नए फीडर

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विद्युत विभाग ने कवायद तेज कर दी है। चिलकाना बिजलीघर में नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही पिलखनी बिजलीघर से चिलकाना तक नई विद्युत लाइन बिछाने का कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। नई व्यवस्था शुरू होने से फाल्ट के कारण होने वाली बिजली कटौती से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। उपखंड अधिकारी पीसी सागर ने बताया कि चिलकाना बिजलीघर से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में बिजली की लाइन में किसी एक स्थान पर फाल्ट होने से पूरे क्षेत्र की आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए शासन की ओर से चिलकाना बिजलीघर में नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित कराया जा रहा है, जिसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। वहीं, पिलखनी बिजलीघर से नई लाइन बिछाने का कार्य भी अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि नया उपकेंद्र चालू होने के बाद चिलकाना बिजलीघर को दो मुख्य लाइनों से विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। इनमें एक लाइन पिलखनी बिजलीघर से आएगी, जबकि दूसरी लाइन सोराना बिजलीघर से जुड़ी रहेगी। इसके अलावा कस्बे में चार नए फीडर भी स्थापित किए जा रहे हैं।



नई व्यवस्था लागू होने से अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को स्वतंत्र रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। इससे किसी एक क्षेत्र में तकनीकी खराबी आने पर पूरे कस्बे और ग्रामीण इलाकों की बिजली बंद होने की समस्या कम होने की उम्मीद है।

थाना सदर बाजार पुलिस ने 1 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 अवैध पिस्टल किया बरामद



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा चेकिंग व गस्त के दौरान 01 शातिर अभियुक्त अक्षत त्यागी पुत्र अक्षय त्यागी निवासी मकान नंबर 18, राज विहार कॉलोनी, थाना सदर बाजार, जनपद सहारनपुर को राज विहार कालोनी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध पिस्टल 32 बोर बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सदर बाजार पर मु0अ0स0 535/26 धारा 351(3)/127(2) बीएनएस व 3/25 आयुध में अभियोग पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

एआईएमआईएम ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दो मामलों में कार्रवाई की करी मांग

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मोहिउद्दीन ने जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को रावण कहकर संबोधित किया। पार्टी ने इस बयान को अशोभनीय बताते हुए विरोध जताया और मामले में संज्ञान लेने की मांग की। वहीं, दूसरे मामले में थरियांव थाना क्षेत्र निवासी राजाराम लोधी की पुत्री पुष्पा देवी की कथित तौर पर जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में मुकदमा अपराध संख्या 223/2026 और धारा 103(1) बीएनएस का उल्लेख करते हुए कहा गया कि मामले में स्थानीय पुलिस ससुराली पक्ष के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। एआईएमआईएम ने दोनों प्रकरणों में उचित संज्ञान लेकर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के नाम भी शामिल रहे।

नागल में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन

महाराजा अग्रसेन के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। नागल सोमवार को कस्बे में वैश्य समाज नागल के तत्वावधान में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में महाराज अग्रसेन के जीवन आदर्शों व समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन समाज सेवा समानता वेब परोपकार का प्रतीक है उनके विचार हमें आपसी सहयोग की प्रेरणा देते हैं। नकुड नपा चैयरमेन शिवकुमार गुप्ता ने राजनीति में समाज के लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि समाज के लोगों को एक दूसरे को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने महाराजा अग्रसेन के "एक रुपया-एक ईंट" सिद्धांत का उल्लेख करते हुए इसे सहयोग और समानता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में नपा चैयरमेन देवबंद विपिन गर्ग, जिलाध्यक्ष महावीर गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, कुसुम अग्रवाल ने भी विचार रखें। इस दौरान समाज के प्रतिभावान लोगों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय अग्रवाल, कपिल तायल, श्रेष्ठ तायल, मोहित गोयल, मुकेश माहेश्वरी, श्रवण तायल, पवन गोयल, दीपक गुप्ता, जितेश गुप्ता, सतीश तायल, अमरीश गुप्ता, मनोज गर्ग, संगीता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आरएसएम इंटर कॉलेज में वाल्मीकि जयंती, भाजपा पदाधिकारियों ने किया नमन



प्रातः काल एक्सप्रेस

सोनभद्र। राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज, सोनभद्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अजीत रावत ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन सत्य, धर्म, ज्ञान और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी महान रचना रामायण भारतीय संस्कृति, संस्कार और आदर्श जीवन मूल्यों की अमूल्य धरोहर है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीरज कनौजिया ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकती है।इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, नगर महामंत्री अनुपम तिवारी, अभिषेक गुप्ता, ध्रुव कांत द्विवेदी, संतोष भारती, अशोक भारती, अनुराग सिंह बंटी, आलोक रावत, आशीष कुशवाहा, पंकज गौतम, दीपचंद महतो, घनश्याम चौधरी, श्रीप्रकाश, दीपक कुमार, मनोज पासवान तथा अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री पननलाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री गहोई वैश्य पंचायत के पंच डॉ0 संदीप सपत्नीक गहोई वूमेन्स क्लब के भव्य गरबा एवं दशहरा मिलन समारोह में हुए सम्मिलित

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। गहोई वूमेन्स क्लब, मऊरानीपुर के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को भव्य गरबा एवं दशहरा मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पनन हुआ। कार्यक्रम में माँ दुर्गा की भक्ति, गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियों और दशहरा मिलन के माध्यम से सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द एवं सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। बेस्ट डांस अवॉर्ड गायत्री पहारिया ने एवं गरबा क्वीन का खिताब मीनू डेंगरे ने अपने नाम किया।समारोह में समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी का माल्यार्पण कर एवं पट्टिका पहनाकर आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। इस दौरान उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। आयोजन में सामाजिक सहभागिता, आपसी प्रेम और समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ने की भावना प्रमुखता से दिखाई दी।गहोई वूमेन्स क्लब की संस्थापक रजनी बिलेया के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में अध्यक्ष गीता खरसिया, उपाध्यक्ष नेहा सेठ, महामंत्री संध्या दमले और कोषाध्यक्ष संगीता मोर सहित क्लब की पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं। गहोई ज्वेलर्स, मऊरानीपुर इस कार्यक्रम के प्रायोजक रहे।